शारदीय नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं

आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच

वर्ष : 27 अंक : 274 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, सोमवार, 22 सितंबर, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

## शारदीय नवरात्र



### प्रथम शैलपुत्री

विक्रम संवत-2079 प्रतिपदा, दिन बृहस्पतिवार, शारदीय नवरात्र वृत का प्रथम दिन है। शारदीय नवरात्र की प्रथम अराध्य देवी माता शैलपुत्री है। माता का यह रूप अनेकानेक नामों से प्रसिद्ध है। सती, पार्वती, दुर्गा, उमा, अर्पणा, गौरी, महेश्वरी, शिवांगी, शुभांगी, पर्वतवासिनी। पूर्व जन्म में इनके पिता राजा दक्ष थे। राजा दक्ष ने प्रजेश होने पर यज्ञ किया परन्तु दामाद शिव को निमंत्रित नहीं किया। सती भगवान शंकर की स्वीकृति के बिना पिता के घर चली गईं। यज्ञ स्थल पर अपने तिरस्कार एवं शिव का आसन न देखकर कुपित सती यज्ञाग्नि में कूद पड़ी। उधर शिव की समाधि भंग हुई तो उन्होंने वीरभद्र नामक गण को यज्ञ स्थल पर भेजा। वीरभद्र ने यज्ञशाला का विध्वंस किया और सती के जलते शरीर को लेकर चल पड़ा। धरती पर सती के अंग जिस-जिस स्थान पर गिरे वहां-वहां पर शक्तिपीठ स्थपित हो गया। सती का अगला जन्म शैलराज की पुत्री पार्वती के रूप में हुआ। घोर तपस्या के बाद शिव ने उनका वरण किया। पर्वत राज की पुत्री होने के कारण माता के इस प्रथम रूप का नाम शैलपुत्री पड़ा।

**या देवी सर्व भूतेशु, प्रकृति रूपेण संस्थिता,नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।**

# प्रधानमंत्री ने अरुणाचल को दी 5100 करोड़ की सौगात

## पूर्वोत्तर के राज्य हमारे लिए अष्टलक्ष्मी : मोदी

**एजेंसी**

**अरुणाचल प्रदेश/ इटानगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अरुणाचल प्रदेश में 5,100 करोड़ रुपये से अधिक के महत्वपूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया। समारोह इंदिरा गांधी पार्क में आयोजित किया गया। पीएम ने शि योमी जिले में दो बड़े जलविद्युत प्रोजेक्ट्स और तवांग में एक कन्वेंशन सेंटर की आधारशिला रखी। उन्होंने पूर्वोत्तर राज्यों के लिए कहा कि ये हमारे लिए अष्टलक्ष्मी हैं।



पीएम मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियां इन राज्यों के सर्वांगीण विकास और सशक्तिकरण के लिए हैं। उन्होंने पिछली सरकारों द्वारा अरुणाचल प्रदेश के विकास की अनदेखी की तुलना में केंद्र की उपलब्धियों को रेखांकित किया और कहा कि नेक नियत के सही नतीजे अब दिख रहे हैं।

मोदी ने अपने अरुणाचल दौरे को तीन कारणों से विशेष बताया। पहला, नवरात्र के शुभ अवसर पर हिमालय की गोद में स्थित इस भूमि पर मां शैलपुत्री का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। दूसरा, देश में नेक्स्ट जेन जीएसटी सुधार लागू हुए और त्वस्ज्ञ बचत उत्सव की शुरुआत हुई। तीसरा, अरुणाचल प्रदेश में कई बड़े परियोजनाओं का उद्घाटन हुआ, जो राज्य के विकास को नई गति देंगे। उन्होंने कहा कि तवांग मठ से नमसाई तक अरुणाचल प्रदेश शांति और संस्कृति का अद्भुत संगम है और यह मां भारती का गौरव है।

सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने कहा कि पीएम मोदी ने कभी भी पूर्वोत्तर को राजनीति के तराजू में नहीं तोला और हमेशा कहा कि भारत तभी आगे बढ़ेगा जब नॉर्थ ईस्ट आगे बढ़ेगा। मोदी ने अरुणाचल को उगते सूरज की धरती बताते हुए कहा कि यहां का हर नागरिक शौर्य और शांति का प्रतीक है। इस दौरान पीएम मोदी ने स्थानीय व्यापारियों, उद्योगपतियों और करदाताओं के साथ जीएसटी दरों में हालिया सुधारों के प्रभाव पर चर्चा की और व्यापारियों को आश्वस्त किया।

### 'हिमालय की गोद में आज माता का आशीर्वाद प्राप्त हुआ'

उन्होंने आगे संबोधित करते हुए कहा कि 2014 में जब देशवासियों ने उन्हें सेवा का अवसर दिया तो उन्होंने कांग्रेसी सोच से देश को मुक्त करने का संकल्प लिया। मोदी ने स्पष्ट किया कि उनकी प्रेरणा किसी राज्य में वोट और सीटों की संख्या से नहीं, बल्कि राष्ट्र को सर्वोपरि रखने की भावना से आती है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रहित ही उनके हर फैसले की नींव है। मोदी ने अपने अरुणाचल दौरे को तीन कारणों से विशेष बताया। पहला, नवरात्र के शुभ अवसर पर हिमालय की गोद में स्थित इस भूमि पर आकर मां शैलपुत्री का आशीर्वाद प्राप्त हुआ।

## नवरात्र के प्रथम दिन मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़

*नोएडा (चेतना मंच)। शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन आज नोएडा के सभी मंदिरों में माँ भगवती के शैलजा पुत्री के रूप की पूजा-अर्चना की गई। सेक्टर-19 स्थित सनातन धर्म मंदिर, सेक्टर-2 स्थित लाल मंदिर, सेक्टर-12 स्थित कलरिया बाबा मंदिर, सेक्टर-20 स्थित हनुमान मंदिर समेत कई मंदिरों में पूजा-अर्चना की गई। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की लम्बी-लम्बी कतारें देखी गई। मातारानी के जयघोष के साथ मंदिरों में आज आध्यात्म की गंगा देखी गई। इस मौके पर सैकड़ों लोग व्रत हैं।*





## युवती का फोटो वायरल करने पर मुकदमा दर्ज

**नोएडा (चेतना मंच)।** दोस्ती का फायदा उठाकर युवक ने युवती के कई वीडियो बना लिए। इन वीडियो को युवक इंस्टाग्राम व फेसबुक पर नई-नई आईडी बनाकर उन्हें वायरल कर रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो की वजह से युवती की खासी बदनामी हो रही है। युवक की हरकत से परेशान युवती ने थाना सेक्टर-24 में उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। गिझोड गांव में किराए पर रहने वाली रिया (काल्पनिक नाम) ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसके दोस्ती सोरखा गांव में रहने वाले विनीत सक्सेना पुत्र राकेश से थी। दोनों करीब 3 वर्ष तक एक दूसरे के संपर्क में रहे। रिया का आरोप है कि इस दौरान विनीत सक्सेना ने धोखे से उसके कई वीडियो बना लिए। (शेष पृष्ठ-4 पर)

## किशोरी घर से लापता

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना फेस-1 क्षेत्र के हरौला गांव से एक (17 वर्षीय) किशोरी घर से बिना बताए चली गई। किशोरी के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। राकेश (काल्पनिक नाम) ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह पिछले काफी समय से अपने परिवार के साथ हरौला गांव में किराए पर रह रहा है। उसकी (17 वर्षीय) बेटी 20 सितंबर की दोपहर को घर से बिना बताए चली गई। काफी देर तक जब वह घर नहीं लौटी तो परिजनों ने उसकी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। राकेश के मुताबिक उनकी बेटी एक माह पूर्व भी घर से बिना बताए चली गई थी और एक दिन बाद अपने आप ही घर वापस लौट आई थी। थाना प्रभारी का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और किशोरी की तलाश की जा रही है।

## व्यापारी पुत्र ने लाइसेंसी पिस्टल से गोली मारकर की आत्महत्या

**नोएडा (चेतना मंच)।** बिसरख थाना क्षेत्र के तहत ग्रेटर नोएडा वेस्ट में आज व्यापारी के एक पुत्र ने पिता की लाइसेंसी पिस्टल से पार्क में जाकर गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। इस खबर से क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई।

यह मामला ग्रेटर नोएडा के बिसरख थाना क्षेत्र की आम्रपाली सुपरटेक लेजरवैली सोसायटी का है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में सोमवार की सुबह व्यापारी अजय चौधरी के पुत्र प्रियांशी चौधरी ने घर से लाइसेंसी रिवाल्वर लेकर पार्क में जाकर गोली मारकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर बिसरख थाने की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन की। तब तक प्रियांशु चौधरी की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने प्रियांशु चौधरी के शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के बिसरख थाने की पुलिस को (शेष पृष्ठ-4 पर)

## स्नातक एमएलसी चुनाव को लेकर भाजपा की बैठक

### सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता चुनाव में जुट जाएं : हरीश सिंह



**नोएडा (चेतना मंच)।** आज स्नातक एमएलसी चुनाव को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक भाजपा कार्यालय सेक्टर-116 नोएडा में हुई। इस बैठक में क्षेत्रीय महामंत्री पश्चिम उत्तर प्रदेश ठाकुर हरीश सिंह ने प्रमुख रूप से शिरकत की। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक वोट बन जाए और फिर समय पर वोट अपने प्रत्याशी के लिए डाले जाएं। क्षेत्रीय महामंत्री ने सभी कार्यकर्ताओं से कहा कि वे (शेष पृष्ठ-4 पर)

## युवक पर जानलेवा हमला, चार नामजद

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना दादरी क्षेत्र के ग्राम बील अकबरपुर गांव के पास एक युवक के साथ जमकर मारपीट की गई। मारपीट में युवक को गंभीर चोटे आई हैं। इस संबंध में चार लोगों के खिलाफ थाना दादरी में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

ग्राम बील अकबरपुर निवासी कुलदीप ने बताया कि उनका भाई श्यामवीर उर्फ सोनू 20 सितंबर की रात्रि को अपने घर आ रहा था रास्ते में गांव के ही अजीत सतीश पुत्र बालेश्वर ओम पुत्र धीरज धीरज पुत्र तेजपाल ने उसे रास्ते में घेर लिया। सभी आरोपी लोहे की रॉड व क्रिकेट बैट लिए हुए थे। इन लोगों ने उसके भाई के साथ गाली-गलौज की। विरोध करने पर लोहे की रॉड व क्रिकेट बैट से उसे जमकर पीटा। मारपीट के दौरान श्यामवीर उर्फ सोनू बेहोश हो गया। गंभीर हालत में आरोपी श्यामवीर को सड़क पर पड़ा छोड़कर फरार हो गए। मामले की जानकारी मिलने पर उन्होंने अपने भाई को अस्पताल में पहुंचाया जहां वह आईसीयू में भर्ती है। थाना प्रभारी का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। वहीं थाना सेक्टर-63 (शेष पृष्ठ-4 पर)

## घटी दरों का ग्राहकों को आज कोई लाभ नहीं मिला

### दूध, दही, पनीर आदि पुराने रेट पर ही बेच रहे दुकानदार

**नोएडा (चेतना मंच)।** केन्द्र सरकार द्वारा आज से लागू जीएसटी की घटी दरों का आम लोगों को कोई राहत नहीं दिखी। खुदरा दुकानों में दूध, दही, पनीर आदि खाद्य पदार्थों की बिक्री पुरानी बढ़ी हुई दरों पर देखी गई। जबकि सरकार का दावा था कि आज से घटी कीमतें लागू हो जाएंगी।




आज अमूल दूध (टोन) तथा मदर डेयरी (टोन) की कीमत 57 रूपये ही रही। दूध के पाउच में भी कीमत 57 रूपये ही प्रिंट थी। इसी तरह फुल क्रीम दूध की कीमत 70 रूपये रही। दुकानदारों ने बताया कि कंपनी ने उन्हें आज पुरानी कीमतों पर ही दूध दिया तथा प्रिंट रेट भी पुराना ही है। इसलिए वे घाटा लगाकर बिक्री क्यों करें। इसी तरह आज बाजार में पनीर भी 360 रूपये प्रति किलो की दर से बिका। अन्य खाद्य पदार्थों की कीमतें भी पुरानी दरों पर रही। इस बाबत कई दुकानदारों ने बताया कि जब तक बड़े दुकानदार उन्हें कम कीमत पर माल नहीं देंगे तब तक वे घटी दरों पर माल बेचकर अपना घाटा नहीं उठाएंगे। वहीं कुछ दुकानदारों ने कहा कि उन्होंने पुरानी कीमतों पर जो माल खरीदा है वे घाटा उठाकर नई घटी दरों पर क्यों बेचेंगे। यदि मार्केट में सस्ता मिलेगा तभी वे सस्ता बेचेंगे।

## वाहन चोर गिरफ्तार

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना जारचा पुलिस ने एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। इसके पास से चोरी की बाइक व चाकू बरामद हुआ है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम दादूपुर नहर पुल के पास गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस को एनटीपीसी रोड से दादूपुर गांव की तरफ एक व्यक्ति बाइक पर आते हुए दिखाई दिया। पुलिस टीम ने उसे चेकिंग के लिए रोका तो वह सकपका गया। बाइक पर पीछे की नंबर प्लेट भी नहीं थी। संदेह के आधार पर बाइक सवार की तलाशी ली गई तो उसके पास से चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम अमन पुत्र शौकीन निवासी रानोली लतीफपुर बताया। पकड़े गए अमन ने स्वीकार किया कि उसने यह बाइक दादरी स्थित नवीन (शेष पृष्ठ-4 पर)

## तमंचा समेत बदमाश दबोचा

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-113 पुलिस ने एक बदमाश को तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया बदमाश अपराधिक वारदात को अंजाम देने के इरादे से घूम रहा था। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम सेक्टर-115 के पास एफएनजी मोड पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान ककराला की तरफ से आ रहा एक व्यक्ति पुलिस को देखकर मुड़कर भागने लगा। संदेह के आधार पर पुलिस टीम ने उसे दौड़ाकर दबोच लिया। तलाशी में उसके पास से एक तमंचा, कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम पार्थ प्रतिम हजारिका निवासी असम बताया। आरोपी ने बताया कि वह हाल में बरौला में किराए पर रह रहा है। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## नवरात्रों पर बंद की जाएं मांसाहार की दुकानें

### उप्र युवा व्यापार मंडल ने डीएम को लिखा पत्र



**नोएडा (चेतना मंच)।** उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष निखिल अग्रवाल ने जिलाधिकारी मेधा रूपम को पत्र लिखकर नवरात्रों में सभी मांसाहार की दुकानें बंद करने की मांग की।

निखिल अग्रवाल ने जिलाधिकारी को लिखा कि यह बहुत ही पावन दिन है। इन दिनों में यदि नॉन वेज की दुकानें बंद हो जाए तो ये सनातन धर्म के लिए बहूत ही सुखद होगा। उन्होंने कहा कि जिस तरह कांवड यात्रा के दौरान कांवड मार्ग में मीट-मुर्गा की दुकानें बंद की गई। उसी तरह नवरात्र पर भी 9 दिनों के लिए सभी दुकानें बंद कराने का आदेश जारी किया जाएगा।

## कंपनियों को कच्चा व तैयार माल के आवागमन को नहीं होगी दिक्कत

### प्राधिकरण तैयार कर रहा है सिटी लॉजिस्टिक प्लान, 27 तक आवेदन आमंत्रित

**नोएडा (चेतना मंच)।** कच्चा और तैयार मॉल कंपनियों और बाजार तक पहुंचाने के लिए प्राधिकरण सिटी लॉजिस्टिक्स प्लान (सीएलपी) तैयार कर रहा है। इससे हजारों कंपनियों को लाभ मिलेगा।

प्राधिकरण ने इसके लिए रिक्यूवेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) जारी की है। एजेंसियां 27 अक्टूबर तक आवेदन कर सकती है। चयनित होने वाली एजेंसी को नोएडा के लिए लॉजिस्टिक प्लान तैयार करना होगा। अधिकारियों ने कहा कि प्लान के तहत उन सड़कों की पहचान की जाएगी, जिससे सबसे ज्यादा लॉजिस्टिक आता जाता है। वेयर हाउस, बाज़ार और इंडस्ट्री जोन का एक मैप तैयार किया जाएगा। लॉजिस्टिक लाने ले जाने के लिए ट्रक आवाजाही, बेहतर पार्किंग और लोडिंग-अनलोडिंग सुविधाओं जैसे उपाय सुझाए जाएंगे।

नोएडा एक उत्कृष्ट क्षेत्र

वर्तमान में नोएडा में ट्रकों की आवाजाही के लिए कोई मैनेजमेंट प्लान नहीं है। जिससे अक्सर भारी वाहन आवासीय और वाणिज्यिक क्षेत्रों में घुस जाते हैं। इससे यातायात जाम और लोगों को खासी दिक्कत होती है। सीएलपी नॉन पीक आवर में भारी वाहनों की आवाजाही को निर्धारित करके, लॉजिस्टिक गतिविधियों के लिए क्षेत्रों को चिह्नित करेगा।

नोएडा नेशनल लॉजिस्टिक पॉलिसी (एनएलपी) को अपनाकर ही शहर का सिटी लॉजिस्टिक्स प्लान (सीएलपी) बनाया जाएगा। इसके तहत माल ढुलाई भागीदारी समिति (एफपीसी) का गठन किया जाएगा। इन समितियों में सरकारी अधिकारी, उद्योग जगत, लॉजिस्टिक्स प्रदाता और शैक्षणिक विशेषज्ञ शामिल होंगे, जो सामूहिक रूप से अलग-अलग क्षेत्रों जैसे ई-कॉमर्स, इलेक्ट्रॉनिक्स और फार्मास्यूटिकल्स के लिए विशेष कार्य योजनाएं बनाएंगे।

## सेक्टर-145 में 24 करोड़ की लागत से बनेगी 18 किमी लंबी सड़क

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे के पास सेक्टर-145 में करीब 18 किलोमीटर लंबी सड़क बनाने का काम अक्टूबर अंत तक शुरू हो जाएगा। इस पर लगभग 24 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। इस सड़क के बनने से लोगों को आवागमन करने में सुविधा होगी।



नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि सड़क बनाने के लिए पिछले महीने टेंडर जारी किया गया था। इस टेंडर की तकनीकी बिड खुली चुकी है। इसमें सात एजेंसियों ने हिस्सा लिया था। अब फाइनेंशियल बिड खोली जानी है। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना कि एक सप्ताह में फाइनेंशियल बिड खोल दी जाएगी। इसमें जो एजेंसी सबसे कम रेट देगी, उसको सड़क बनाने का जिम्मा दिया जाएगा। यह प्रक्रिया फाइनेंशियल बिड खुलने के अगले 15-20 दिन में पूरी कर ली जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि ऐसे में पूरी उम्मीद है कि अक्टूबर अंत तक सड़क बनाने का काम शुरू करवा दिया जाएगा। 18 किलोमीटर लंबी इस सड़क को बनाने में 24 करोड़ रुपये के आसपास लागत आएगी। काम शुरू होने पर अगले चार-पांच महीने में सड़क बनाने का काम पूरा कर लिया जाएगा। सेक्टर-145 में जिस जमीन पर अब प्राधिकरण सड़क बनाने समेत अन्य काम करने जा रहा है, पहले इस पर लोगों ने कब्जा कर रखा था। इस साल जून महीने में प्राधिकरण ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 31 हेक्टेयर जमीन से कब्जा हटाया था। यहां पर 2200 से अधिक किसानों को पांच प्रतिशत के भूखंड दिए जाने प्रस्तावित हैं। किसान काफी समय से जमीन अधिग्रहण के (शेष पृष्ठ-4 पर)

RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

# भारत को नशा मुक्त

यह अच्छी बात है कि केंद्र की राजग सरकार ने वर्ष 2047 तक भारत को नशा मुक्त बनाने का संकल्प लिया है। राज्य सरकारों ने भी प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प को भरपूर समर्थन का वायदा किया है। हालांकि, यह महत्वाकांक्षी लक्ष्य तब तक हासिल नहीं किया जा सकता है, जब तक कि अंतर्राष्ट्रीय साजिश से नशे के संकट को झेल रहे राज्यों में सबसे संवेदनशील पंजाब के हालात पर विशेष ध्यान नहीं दिया जाता है। पंजाब में सीमा पार से चलाये जा रहे नशे के कारोबार की साजिश से पंजाब किस हद तक त्रस्त है, इस सप्ताह की शुरुआत में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो यानी एनसीबी की 2024 की रिपोर्ट से वह भयावह तसवीर उभरती है। एनसीबी की रिपोर्ट के अनुसार पिछले चार वर्षों में पाकिस्तान से इस सीमावर्ती राज्य में आये ड्रग्स से लदे ड्रोनों के देखे जाने और बरामद होने की घटनाओं में अप्रत्याशित रूप से वृद्धि देखी गई है। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने चिंता जतायी है कि सीमा पार से नशीले पदार्थों की तस्करी के लिये ड्रोन का इस्तेमाल भारत की आंतरिक सुरक्षा के लिये भी एक बड़ा खतरा बनकर उभर रहा है। इन हालात को देखकर कानून प्रवर्तन और सीमा सुरक्षा एजेंसियों के हाथ-पांव फूल रहे हैं। दरअसल, चिंता की बात यह है कि ड्रग तस्करी करने वाले गिरोह जोखिम भरे पारंपरिक जमीनी तरीके अपनाने के बजाय हवाई मार्ग से तस्करी को अंजाम दे रहे हैं। यह स्थिति कितनी विकट है नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा पेश आंकड़ों से यह पता चलती है। एनसीबी के अनुसार पिछले साल भारत-पाकिस्तान सीमा पर ड्रोन के जरिये नशीले पदार्थों की तस्करी के 179 मामले दर्ज किए गए, जिसमें सबसे अधिक 163 मामले पंजाब में थे। उसके बाद राजस्थान में पंद्रह और जम्मू-कश्मीर में एक मामला सामने आया। इससे इस बात में कोई संदेह नहीं रह जाता कि बरामदगी की बहुत ज्यादा घटनाओं के बावजूद पंजाब सीमा पार के नशे तस्करों के लिये सबसे अच्छा विकल्प बना हुआ है। नशा तस्करों के खतरनाक मंसूबे देखिए कि हाल में पंजाब में बाढ़ के दौरान नशा तस्कर आपदा में अवसर तलाशते रहे। इन आपराधिक तत्वों ने हाल में आई बाढ़ का फायदा उठाकर नावों और टायर-ट्यूबों के जरिये भारत में नशीले पदार्थों की तस्करी की है। इसके साथ यह भी चिंताजनक स्थिति है कि विदेशी गैंगस्टर नशीले पदार्थों के देश के तस्करों और स्थानीय लोगों के साथ मिलकर इस संकट को बढ़ाने का काम कर रहे हैं। जो पंजाब के लोगों के लिये जानलेवा साबित हो रहा है। राज्य में, देश में पकड़ी गई हेरोइन का 45 फीसदी बरामद होना पंजाब की नशे की दलदल की गहराई को दर्शाता है। वहीं राज्य में पिछले साल 2.9 करोड़ नशे की गोलियां बरामद होना बताता है कि नशे का संकट कितना भयावह हो चला है। दूसरे नंबर पर उत्तर प्रदेश में 51 लाख नशे की गोलियां बरामद की गई। पहले व दूसरे नंबर का अंतर भी स्थिति की विकटता को ही दर्शाता है। विडंबना यह है कि राज्य के ग्रामीण इलाकों के युवा हेरोइन और कोकीन के तस्करों के लिये आसान निशाना बन रहे हैं। पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने कुछ महीने पहले सही ही कहा था कि नशीले पदार्थों का संकट अब केवल व्यक्तिगत लत तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसने सार्वजनिक व्यवस्था, राष्ट्रीय सुरक्षा और कानून के शासन के लिये खतरा पैदा करना शुरू कर दिया है। निस्संदेह, पंजाब सरकार के 'युद्ध नशे के विरुद्ध' अभियान को केंद्र सरकार की नशा मुक्त पहल के साथ जोड़ कर चलाया जाना चाहिए। यह स्पष्ट है कि पंजाब में आने वाली नशीली दवाओं की आपूर्ति अब अन्य राज्यों में भी की जा रही है। देश के सीमावर्ती राज्यों पंजाब, असम, मिजोरम, राजस्थान, पश्चिम बंगाल व जम्मू-कश्मीर में यह संकट गहरा रहा है। जहां विदेशों में बैठे नशा तस्करों द्वारा देश में नशे का जहर भेजा जा रहा है। नार्को आतंकवाद से निपटने के लिये केंद्र और राज्य सरकारों के बीच तथा राज्यों के बीच भी बेहतर तालमेल वक्त की जरूरत है।

# रामचरित मानस

**पिछले अंक में आपने पढ़ा था कि भगवान विष्णु के चार भुजाएँ हैं, ब्रह्माजी के चार मुख हैं, शिवजी का विकट ( भयानक ) वेष है और उनके पाँच मुँह हैं। हे सखी! दूसरा देवता भी कोई ऐसा नहीं है, जिसके साथ इस छबि की उपमा दी जाए॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**दो0-बय किसोर सुषमा सदन स्याम गौर सुख धाम।**
**अंग अंग पर वारिअहिं कोटि कोटि सत काम॥**

इनकी किशोर अवस्था है, ये सुंदरता के घर, साँवले और गोरे रंग के तथा सुख के धाम हैं। इनके अंग-अंग पर करोड़ों-अरबों कामदेवों को निछावर कर देना चाहिए॥

**कहहु सखी अस को तनु धारी। जो न मोह यह रूप निहारी॥**
**कोउ सप्रेम बोली मृदु बानी। जो मैं सुना सो सुनहु सयानी॥**

हे सखी! (भला) कहो तो ऐसा कौन शरीरधारी होगा, जो इस रूप को देखकर मोहित न हो जाए (अर्थात यह रूप जड़-चेतन सबको मोहित करने वाला है)। (तब) कोई दूसरी सखी प्रेम सहित कोमल वाणी से बोली- हे सयानी! मैंने जो सुना है उसे सुनो-॥

**ए दोऊ दसरथ के ढोटा। बाल मरालन्हि के कल जोटा॥**
**मुनि कौसिक मख के रखवारे। जिन्ह रन अजिर निसाचर मारे॥**

ये दोनों (राजकुमार) महाराज दशरथजी के पुत्र हैं! बाल राजहंसों का सा सुंदर जोड़ा है। ये मुनि विश्वामित्र के यज्ञ की रक्षा करने वाले हैं, इन्होंने युद्ध के मैदान में राक्षसों को मारा है॥

(क्रमशः...)

# त्वरित, कठोर और समयानुकूल निर्णय क्षमता ही है नरेन्द्र मोदी की पहचान

मार्निंग कंसल्ट की वैश्विक मंच पर लोकप्रियता के ताजातरीन सर्वे में एक बार फिर 75 वर्षीय नरेन्द्र दामोदर दास मोदी की लोकप्रियता या यों कहें कि एप्रूवल रेट 75 प्रतिशत रही है। यह विश्व के अन्य नेताओं की तुलना में कहीं अधिक है तो दूसरी और पिछले दिनों प्यू रिसर्च की रिपोर्ट में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर भरोसा जताने वाले केवल 40 प्रतिशत लोग ही रह गए और इनमें भी केवल मात्र 15 फीसदी ही ऐसे लोग है जो पूरी तरह से ट्रंप पर भरोसा कर रहे हैं। चुनाव के समय 81 प्रतिषत भरोसे लायक नेता पर 40 प्रतिशत अमेरिकीयों का भरोसा और इनमें से भी 25 प्रतिशत का थोड़ा भरोसा तो केवल 15 प्रतिशत अमेरिकी ही ट्रंप पर पूरी तरह से भरोसा जता रहे हैं। 59 प्रतिशत अमेरिकीयों को तो ट्रंप पर अब बिलकुल भी भरोसा नहीं रहा है। एक बात और साफ हो जानी चाहिए कि मार्निंग कंसल्ट के इस सर्वे में दूसरे पायदान पर रहने वाले दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति लीजे म्युंग को 59 प्रतिशत और अर्जेंटिना के राष्ट्रपति जेवियर मिलेई को 57 प्रतिशत का एप्रूवल मिला है। दरअसल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एप्रूवल देश में ही नहीं विदेशों में भी एक दंबग नेता और साफ सुथरी छवि के कारण है। इसके साथ ही कूटनीति, तकनीक, रक्षा, अर्थव्यवस्था और किसी के सामने नई झुकने की जीद ने और अधिक लोकप्रियता बढ़ा दी है। सबसे खासबात यह है कि विरोधी चाहे कितना भी शोर मचाये इसमें कोई दो राय नहीं और इससे भी बढ़कर कि आपरेशन सिन्दुर को लेकर देशवासियों और विदेशियों किसी को भी नरेन्द्र मोदी और सेना के कथन पर किसी तरह का कोई संदेह नहीं है। देर सबेर और गाहे बेगाहे पाकिस्तान तक ऑपरेशन सिन्दुर की टीस को व्यक्त कर ही देता है। ऐसे में विरोधियों द्वारा ऑपरेशन सिन्दुर पर जिस तरह से नकारात्मकता व्यक्त की जाती हैं वह कहीं ना कहीं मोदी और मोदी सरकार की विश्वसनीयता को और अधिक बढ़ाने में ही सहायक है। यह बात इसलिए भी महत्वपूर्ण हो जाती है कि नरेन्द्र मोदी अपनी जीवन की अमृतवेला मना रहे है। 75 साल के नरेन्द्र मोदी जिस अदम्य साहस और दृढ़ता का परिचय दे रहे हैं और खासतौर से जिस तरह से अमेरिका और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ के आगे झुकने से पूरी तरह नकार कर लगता है अब तो ट्रंप को ही झुकने को मजबूर होने जैसे हालात कर दिए हैं। ट्रंप शायद भूल गए कि यह आज का और मोदी का हिन्दुस्तान है।

आज मोदी के भारत को दुनिया का कोई देश या दुनिया का कोई नेता हल्के में नहीं ले सकता। इसका कारण भी है भारत आज आंख में आंख डाल कर बात करने की हैसियत रखता है। ट्रंप की बौखलाहट से इसे आसानी से समझा जा सकता है। दरअसल आज के दौर में वैश्विक नेता के रुप में बोल्ड होने, एग्रेसिव होने, कठोर व त्वरित निर्णय



***आज मोदी के भारत को दुनिया का कोई देश या दुनिया का कोई नेता हल्के में नहीं ले सकता। इसका कारण भी है भारत आज आंख में आंख डाल कर बात करने की हैसियत रखता है। ट्रंप की बौखलाहट से इसे आसानी से समझा जा सकता है।***

लेने वाले नेता लोगों की पसंद बनते जा रहे हैं। अच्छे बुरे परिणाम की चिंता कर निर्णय की उहापोह में फंसे नेता आज के लोगों की पसंद हो ही नहीं सकते। इसका बड़ा कारण दुनिया में वैश्विक संकटों का दौर चलना है। पर यह भी समझ लेना होगा कि दुनिया के लोग ट्रंप जैसे अंहकारी, तुगलकी निर्णय करने वाले, गली मौहल्ले के दादाओं जैसे व्यवहार करने वाले और अपने नासमझी भरे निर्णयों और फिर उन निर्णयों पर मुहं की खाने वाले नेताओ को भी पसंद नहीं करते। संकटों के दौर में लोगों का यह मानना रहता है कि हमें आलोचना प्रत्यालोचना या आगा पीछा सोच कर निर्णय लेने वाला नहीं अपितु त्वरित और कठोर निर्णय लेने वाला नेता चाहिए। और इसमें कोई दो राय नहीं कि नरेन्द्र मोदी इस पर खरे उतरे हैं।

जहां तक देश और देश में मोदी विरोधियों की बात है तो यह भी अब तक साफ हो गया है कि मोदी के विरोध में जो जो नारे गढ़े गए या अभियानों में जो मोदी विरोध की आवाज बने वह सब विरोधियों पर ही भारी पड़े है। इसकी शुरुआत 2007 में गोदरा कांड के बाद चुनाव के बाद का नारा मौत का सौदागर हो या आज चौकीदार चोर है सभी नारे उल्टे पड़े हैं और देशवासियों ने इन्हें सिरे से नकारा है। चौकीदार चोर है का उत्तर देते हुए स्वयं मोदी ने इसका उपयोग मैं भी चौकीदार का जबावी नारा देकर उत्तर दिया। नारों की यह एक लंबी फेहरिस्त है जिससे देशवासी अवगत है। अब आज वोट चोर गद्दी छोड़ का नारा लगाकर या संविधान बचाओं का नारा देकर मोदी विरोध में हवा बनाने व बिहार आदि के चुनाव जीतने का सपना पाल रहे हैं पर कहीं पहले की तरह सेल्फ गोल ही साबित ना हो जाये इससे नकारा नहीं जा सकता। राममंदिर, कश्मीर में धारा 370 हटाने, कश्मीर युवाओं को मुख्यधारा में लाने, ऑपरेशन सिन्दुर, एयर स्ट्राइक, जनधन खाते, डिजिटल भुगतान, जन औषधी केन्द्र, आयुष्मान योजना, गिग इकोनोमी, रक्षा आयुधों का देश में ही उत्पादन व निर्यात, एमएसएमई सेक्टर, स्टार्टअप, यूनिकोर्न, विदेशी निवेश, सडक परिवहन विकास, आदि आदि सभी क्षेत्रों में विकास का जो दौर दिखाई दे रहा है यह ठोस और त्वरित योजनावद्ध निर्णयों का ही परिणाम है। यह तो केवल बानगी मात्र है। आज आतंकवादी गतिविधियां लगभग समाप्त हो गई, नक्सलवादी गतिविधियां दिखाई नहीं दे रही हैं, सांप्रदायिकता पर रोक लगी है, पत्थरबाजी नहीं दिखती, सपाट यातायात दिखाई दे रहा है यह और इसके अलावा भी बहुत कुछ सामने हैं।

एक बात साफ हो जानी चाहिए कि विश्वसनीयता एक दिन में या एक काम से नहीं बनती। इसके साथ ही केवल व्यक्ति विशेष को निशाना बनाने से भी कोई खास हासिल नहीं हो सकता। अच्छे को अच्छा और बुरे को बुरा कहने की आदत डाले तो शायद आमजनता में अधिक प्रभावी तरीके से अपनी बात रख कर लोगों को अपने पक्ष में किया जा सकता है। जब राष्ट्रीय अस्मिता पर और सेना के पराक्रम को प्रश्नों में उभारा जाता है तो लाख कमियों के बावजूद सच्चा राष्ट्रप्रेमी नागरिक इसे स्वीकार नहीं पाता। यही कारण है कि मोदी जी को जितना निशाना बनाया जाता है मोदी उस निशाने से और अधिक निखार के साथ उभरते आ रहे हैं। आज जब ट्रंप भारत की अर्थ व्यवस्था को नकारते हैं तो यह देशवासियों के गले उतरने वाली बात नहीं होती। इसी तरह से जब ऑपरेशन सिन्दुर पर प्रश्न चिन्ह उठाया जाता है तो आमजन इसे देश के खिलाफ आवाज और सेना के असम्मान के रुप में देखता है। जब संविधान की प्रति उठाकर संविधान बचाओ की बात करते हैं तो उनकी सरकार के समय ही संसद से पास अधिसूचना को सार्वजनिक रुप से फाड़ने को याद करते हैं। जीएसटी को लेकर प्रश्न उठाते हैं तो आज इससे मिल रही राहत को जनता कैसे नकार सकती है। इसलिए सकारात्मक विरोध के साथ आगे आकर ही मोदी और मोदी की नीतियों का पार पा सकते हैं।

संसद और विधानसभाओं में गतिरोध का दौर चलता है, खुली चर्चाएं हो नहीं पाती, सत्र सालों साल छोटे होते जा रहे हैं। आधी आधी रात तक होने वाली चर्चाएं अब बीते दिनों की बात हो गई है तो ऐसे में केवल आरोप प्रत्यारोप के भरोसे मोदी पर जीत की बात करना बेमानी होगा। दूसरी बात यह कि हम बड़ी लकीर खींच कर ही दूसरी लकीर को छोटी बता सकते हैं हो इसका उल्टा रहा है और प्रयास लकीर से ही छेड़ छोड़ कर छोटी दिखाने के प्रयास किये जाते हैं तो यह गले नहीं उतरती। यह सब समझने वाली बात हो गई है। मोदी जी की अमृत वेला में शतायु होने की कामना के साथ आज देश उनकी और देख रहा है। ऐसे में मोदी जी के नेतृत्व और निवृति की बात करना पूरी तरह से बेमानी होगी। देश को अभी मोदी जी और उनके जैसे नेतृत्व की आवश्यकता है जिससे आजादी के शताब्दी वर्ष तक देश विश्व की सबसे बड़ी ताकत बन कर उभर सके।

**- डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

## शारदीय नवरात्रि : इस वास्तु दिशा में रखें माता की चौकी, घर में आएगी सुख-समृद्धि और शांति

शारदीय नवरात्रि का त्योहार आज से शुरु है। नवरात्रि का त्योहार मां दुर्गा को समर्पित होता है। इस दिन भक्तजन व्रत और पूजा-पाठ करते हैं। अगर आप भी देवी दुर्गा की कृपा पाने जाते हैं, तो इस उपाय को जरुर करें। वास्तु शास्त्र के मुताबिक, चौकी की सही दिशा का चयन करना बेहद जरुरी है। घर में सकारात्मक ऊर्जा और शांति बनाएं रखने के लिए साधक की मानसिक और आध्यात्मिक स्थिरता को भी मजबूत करता है। तो चलिए बिना देर किए आपको बताते हैं नवरात्र में माता चौकी कहां और कैसे स्थापित करनी चाहिए।

नवरात्रि में मां दुर्गा की चौकी को स्थापित करने के लिए सही दिशा का चयन करना बेहद जरुरी होता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, पूजा स्थल और मां की चौकी सही दिशा में होने से घर में सकारात्मक ऊर्जा और शांति भी लेकर आती है। माता की चौकी को आप उत्तर-पूर्व दिशा में रखना शुभ होता है। क्योंकि यह दिशा ईशान कोण कहलाती है और मानसिक स्थिरता, शारीरिक सुकून और आध्यात्मिक उन्नति का प्रतीक है। वास्तु के अनुसार, इस दिशा में चौकी लगाने से घर का माहौल पवित्र रहता और पूजा का प्रभाव भी अधिक गहरा होता है। परिवार में प्रेम, सौहार्द और समृद्धि बनीं रहती है।

अगर आपके घर की स्थिति के कारण उत्तर-पूर्व उपलब्ध नहीं है, तो चौकी को पश्चिम दिशा में भी रख सकते हैं। जब आप पूजा करें तो अपना मुख पूर्व या दक्षिण दिशा की ओर कर लेना चाहिए। विशेष रूप से पूर्व दिशा की ओर मुख करके पूजा करने से चेतना जागृत रहती है और आपके घर में आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रवाह बनीं रहती है।



*आज मां दुर्गा का आगमान हुआ। इस बार देवा मां हाथी पर सवार होकर आ रही है। इस दौरान सभी भक्तजन दुर्गा मां को प्रसन्न जरुर करना चाहते हैं। अगर आप वास्तु के हिसाब से माता की चौकी लगाते हैं, तो आपके घर में खुशियों का आंगन भर जाएगा।*

# राशिफल

अश्विन माह, कृष्ण पक्ष प्रतिपदा | (विक्रम संवत् 2082)

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
स्वास्थ्य में थोड़ा सा ध्यान दीजिए। बाकी शत्रुओं पर दबदबा कायम होगा। गुणज्ञान की प्राप्ति होगी।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
मानसिक अवसाद की स्थिति रहेगी। बुझा-बुझा सा महसूस करेंगे। स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
घरेलू सुख बाधित रहेगा। गृह कलह के संकेत हैं। स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम, संतान की स्थिति मध्यम।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
ऊर्जा का स्तर घटा हुआ रहेगा। नाक, कान, गला की परेशानी हो सकती है। व्यापार मध्यम रहेगा।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
धन हानि के संकेत हैं। निवेश न करें और स्वंय के स्वास्थ्य पर और अपनों के स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
घबराहट, बेचैनी बनी रहेगी। स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है। प्रेम, संतान और व्यापार अच्छा है।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
सर दर्द, नेत्र पीड़ा, खर्च की अधिकता। मानसिक स्थिति खराब रहेगी। अज्ञात भय सताएगा।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
आय में उतार-चढ़ाव बना रहेगा लेकिन नुकसान नहीं होगा। यात्रा मजेदार नहीं होगी लेकिन कष्टप्रद नहीं होगा।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
कोर्ट-कचहरी से बचें। व्यापारिक स्थिति मध्यम रहेगी। स्वास्थ्य भी मध्यम रहेगा। प्रेम,संतान अच्छा है।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
भाग्य पर भरोसा करके कोई कार्य मत करिएगा। अपमानित होने का भय रहेगा। स्वास्थ्य ठीक-ठाक।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
स्वास्थ्य पर ध्यान दें। जीवनसाथी के साथ और स्वास्थ्य पर ध्यान दें। प्रेम, संतान भी मध्यम।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा प्रबुद्ध संगोष्ठी का आयोजन

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला गौतमबुद्धनगर द्वारा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत प्रबुद्ध संगोष्ठी राष्ट्र निर्माण का संकल्प का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय मंत्री एवं राज्यसभा सांसद सुरेन्द्र नागर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने की और संचालन जिला महामंत्री धर्मेन्द्र कोरी ने किया।

मुख्य अतिथि सुरेन्द्र नागर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनकल्याणकारी कार्यों और दूरदर्शी योजनाओं से जनता को सीधे लाभ मिल रहा है। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत अभियान, विकसित भारत 2047 और सामाजिक न्याय के उद्देश्य से चलाए जा रहे विभिन्न सेवा कार्यों जैसे रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, स्वच्छता अभियान और पौधा अभियान का उल्लेख किया।

जिला अध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने कहा कि प्रबुद्धजनों ने सेवा, स्वच्छता और राष्ट्र निर्माण के इस अभियान को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है और सभी मिलकर भारत को विश्व गुरु और विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को पूरा करेंगे।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से सुभाष भाटी, दीपक भारद्वाज, धर्मेन्द्र कोरी, मनोज गर्ग, सतेन्द्र नागर, ब्रह्मप्रकाश पाल, वीरेन्द्र भाटी, राहुल पंडित, पवन नागर, बिजेन्द्र प्रमुख, अजेंद्र नागर, रिंकू भाटी, कर्मवीर आर्य, पंकज रावल, अशोक रावल, रजनी तोमर, सतपाल तालान, संजय रावत, गजेन्द्र सिंह, जितेंद्र भाटी, अजीत मुखिया, मेघराज भाटी, अर्पित तिवारी, सुनील कुमार, महेन्द्र नागर, राजीव सिंघल, दिनेश भाटी, मुकेश चौहान सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## अट्टा गांव में भकियू (भानू) का हुआ संगठन विस्तार



**नोएडा (चेतना मंच)।** अट्टा गांव में भारतीय किसान यूनियन भानू संगठन का विस्तार किया गया। पंचायत की अध्यक्षता ओमी प्रधान ने की और संचालन अनिल बेसोया ने संभाला। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी सुभाष भाटी ने बताया कि संगठन में आस्था रखते हुए कई किसानों और ग्रामीणों ने सदस्यता ग्रहण की।

सुभाष भाटी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के आदेशानुसार जो जिम्मेदारी हमें दी गई है, उसे पूरी ईमानदारी से निभाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि सभी सदस्य एकजुट होकर नोएडा प्राधिकरण के खिलाफ आंदोलन करने के लिए तैयार हैं। भारतीय किसान यूनियन भानू किसानों और गरीबों के लिए संघर्ष करती रहती है, और इसी दृष्टि से आज कई लोगों ने सदस्यता ग्रहण की।

इस अवसर पर प्रेम सिंह भाटी, मनोज चौधरी, अनिल बेसोया, प्रीति चौहान, सुनील अवाना, राजवीर मुखिया, विकास गुर्जर, पवन खारी, ऋषि अवाना, सोनू अवाना, अजय अधाना, मोहित राजकुमार अवाना सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

# विशाल दशहरा महोत्सव की तैयारियां शुरू



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** श्री धार्मिक रामलीला कमेटी द्वारा सेक्टर पाई ऐछर में आयोजित प्रेस वार्ता में आगामी विशाल दशहरा महोत्सव 2025 की तैयारियों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर परमपूज्य गोस्वामी सुशील महाराज की अध्यक्षता में आहुति दी गई।

संस्था के अध्यक्ष आनंद भाटी ने बताया कि 22 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले महोत्सव में इस वर्ष 100+जोधपुर और बीकानेर के राष्ट्रीय स्तर के कलाकार रामलीला का मंचन करेंगे। उन्होंने बताया कि इस बार मंचन के लिए 350 फीट लंबा स्टेज तैयार किया गया है, जिसमें 2200 स्क्वायर फीट का बैकग्राउंड एलईडी डिस्प्ले होगा। पिछले साल यह सिर्फ 1800 स्क्वायर फीट था। इस आधुनिक और विश्वस्तरीय व्यवस्था से दर्शक लीला का आनंद बेहतर तरीके से उठा पाएंगे।

महोत्सव में मेले और झूले का भी आकर्षक समन्वय होगा, वहीं साफ-सफाई और सुरक्षा के उच्च स्तर के इंतजाम किए गए हैं। रामलीला कमेटी ने कानूनी नियमों का पालन करने के लिए भी पूरी कटिबद्धता जताई।


विशाल दशहरा महोत्सव के दौरान रावण, कुंभकरण और मेघनाथ के क्रमश 60, 55 और 50 फीट ऊंचे पुतलों का दहन भव्य आतिशबाजी के साथ होगा। इस बार का विशेष आकर्षण कार्यक्रम 'श्री राम शरणम' है, जिसमें भगवान राम को समर्पित गीत, संगीत और नृत्य प्रस्तुत किए जाएंगे। कार्यक्रम में भरतनाट्यम, कथक और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां शामिल होंगी, साथ ही भगवान राम की महा आरती भी होगी। इस अवसर पर मुख्य संस्थापक गोस्वामी सुशील महाराज, संस्थापक एडवोकेट राजकुमार नागर, अध्यक्ष आनंद भाटी, महासचिव श्रीमती ममता तिवारी, कोषाध्यक्ष अजय नागर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश शर्मा बदौली सहित समिति के अन्य प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे।

# कांग्रेस संगठन की प्रांतीय समीक्षा बैठक संपन्न

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** जिला कांग्रेस कमेटी गौतमबुधनगर के जिला मुख्यालय में पश्चिमी उत्तर प्रदेश कांग्रेस संगठन की प्रांतीय संगठन समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं उत्तर प्रदेश के सह प्रभारी प्रदीप नरवाल ने की।

मुख्य अतिथि प्रदीप नरवाल ने अपने संबोधन में कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 14 जिलों में संगठन सृजन अभियान प्रदेश और जिला नेतृत्व के कुशल निर्देशन में प्रभावी रूप से चल रहा है। उन्होंने बताया कि मंडल और बूथ स्तर पर अधिकांश समितियों का गठन भी सफलतापूर्वक किया जा चुका है।

प्रदीप नरवाल ने कहा कि कुछ जिलों में पदाधिकारी संगठन की अपेक्षाओं के अनुरूप पूरी तरह से सक्रिय नहीं हैं, जिसका संज्ञान प्रदेश और राष्ट्रीय नेतृत्व ने लिया है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि समय आने पर अधिक सक्षम कार्यकर्ताओं को अहम जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी। साथ ही, उन्होंने वोट चोरी हस्ताक्षर अभियान को जन-जन तक पहुंचाने और अधिक से अधिक हस्ताक्षर पत्र प्रदेश मुख्यालय भेजने का आह्वान किया। बैठक में सभी जिलों के पदाधिकारियों के साथ बंद कमरे में अकेले-आके जिलेवार चर्चा कर संगठनात्मक तैयारियों का जायजा भी लिया गया।



बैठक के संयोजक और गौतम बुध नगर जिला कांग्रेस अध्यक्ष दीपक भाटी चोटीवाला ने कहा कि जिले में संगठनात्मक दृष्टि से लगातार प्रगति हो रही है। जिला कांग्रेस के सभी कार्यकर्ताओं ने मिलकर एक मजबूत संगठन तैयार किया है। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर पर सक्षम और समर्पित कार्यकर्ताओं की फौज तैयार की जा रही है और वोट चोरी हस्ताक्षर अभियान भी जोरों पर है।

प्रांतीय संगठन समीक्षा बैठक में नोएडा महानगर अध्यक्ष मुकेश यादव, हापुड़ कोऑर्डिनेटर पुरुषोत्तम नागर, पूर्व युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ओमवीर यादव, मुरादाबाद नगर अध्यक्ष जुनैद, बुलंदशहर जिला अध्यक्ष जियाउर्रहमान, हापुड़ जिला अध्यक्ष राकेश त्यागी, गाजियाबाद जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा, पूर्व मंत्री दीपक कुमार, पूर्व बिजनौर सांसद ओमवती देवी, अमरोहा जिला अध्यक्ष ओमकार कटारिया, बागपत कोऑर्डिनेटर नसीम खान सहित दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रबुद्ध समागम सम्मेलन सम्पन्न



**भदोही।** सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा के नेतृत्व में प्रबुद्ध समागम सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ. संगीता बिंद बलवंत रहीं, जबकि संचालन नागेंद्र सिंह ने किया।

मुख्य अतिथि संगीता बलवंत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा पखवाड़ा का आयोजन कर रही है। प्रधानमंत्री का संदेश है कि लोग सेवा भाव से एक-दूसरे की मदद करें और समाज में आस्था बनाकर रहें। यह कार्यक्रम 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा। सम्मेलन में प्रबुद्ध व्यक्तियों का सम्मान किया गया, उन्हें अंग वस्त्रम पहनाकर, माल्यार्पण कर सत्कार किया गया।

सांगीता बलवंत ने महिलाओं और समाज के सम्मान सहित सेवा भाव से जुड़े कई महत्वपूर्ण विचार साझा किए और कहा कि यह सम्मान केवल भारतीय जनता पार्टी में ही मिलता है।

जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी सदस्य भारतीय जनता पार्टी के वफादार सिपाही हैं और पार्टी को नई ऊँचाई पर ले जाने के लिए लगातार मेहनत करेंगे।

कार्यक्रम में विधायक ज्ञानपुर विपुल दुबे, विधायक औराई दीनानाथ भास्कर, जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरूध त्रिपाठी, पूर्व जिला अध्यक्ष विनय श्रीवास्तव, कन्हैयालाल मिश्र, संतोष पांडेय, हौसला प्रसाद पाठक, रमेश पांडेय, लालता प्रसाद सोनकर आदि लोग मौजूद रहे।

## सीटू का त्रिवार्षिक नौवां जिला सम्मेलन संपन्न



**नोएडा (चेतना मंच)।** सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन सीटू गौतम बुध नगर कमेटी का त्रिवार्षिक नौवां जिला सम्मेलन आज 21 सितंबर 2025 को सामुदायिक केंद्र अंबेडकर भवन सूरजपुर ग्रेटर नोएडा पर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

सम्मेलन की जानकारी देते हुए सीटू नेता गंगेश्वर दत्त शर्मा ने बताया कि सम्मेलन में सीटू जिला महासचिव रामसागर द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट पर व्यापक विचार विमर्श कर पिछले 3 साल के कामकाज की समीक्षा के साथ-साथ आगामी 3 वर्षों की कार्य योजना/ दिशा तय की गई साथ ही नई जिला कमेटी का चुनाव किया जिसमें मुकेश कुमार राघव अध्यक्ष, रामसागर उपाध्यक्ष, राम स्वारथ महासचिव, गंगेश्वर दत्त शर्मा व नरेंद्र पांडे सचिव, पारस रजक सह सचिव सुनील पंडित कोषाध्यक्ष तथा लता सिंह, पूनम देवी, किरण देवी, रंजीत तिवारी, मौ. फिरोज, राम सूचित, धर्मेंद्र गौतम, गुडिया देवी, हरि गुप्ता, जोगेन्द सैनी, मोहन सिंह, राजकरण सिंह, मनोज शाह, बलराम चौधरी, रामकिशन सिंह को जिला कमेटी सदस्य चुनाव गया। साथ ही जिले में मेहनतकशों के ज्वलंत मुद्दों व कई प्रस्तावों पर चर्चा कर संघर्ष की रूपरेखा तय की गई।

## जीएसटी सुधार ऐतिहासिक : प्रणीत भाटी



**ग्रेटर नोएडा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रथम जिला अध्यक्ष रहे एवं भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश महामंत्री प्रणीत भाटी ने कहा है कि हाल ही में मोदी सरकार द्वारा किए गए जीएसटी सुधार ऐतिहासिक हैं। पहले जीएसटी के अंतर्गत चार दरें थीं जिन्हें अब घटाकर दो कर दिया गया है। जिन वस्तुओं पर पहले 12 प्रतिशत कर लगता था, उन्हें या तो शून्य कर दिया गया या 5 प्रतिशत कर की श्रेणी में लाया गया है। इसी प्रकार जिन वस्तुओं पर 28 प्रतिशत कर लगता था, उनमें से अधिकांश को घटाकर 28 प्रतिशत कर दिया गया है।

उन्होंने कहा कि जीएसटी सुधारों ने न केवल कर व्यवस्था को सफल बनाया है, बल्कि उपभोक्ताओं के लिए भी सीधा असर डाला है। उन्होंने कहा कि अब आम आदमी को दैनिक उपयोग की वस्तुएँ सस्ती मिलेंगी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का कार्यक्रम सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को और मजबूत बनाता है।

उन्होंने कहा कि जीएसटी सुधारों से व्यापारियों को लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि इन कदमों से देश के छोटे और मध्यम उद्योगों को नई ऊर्जा मिलेगी और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

## भाजपा ने रोका देश का विकास : सुभाष भाटी



**नोएडा (चेतना मंच)।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता सुभाष भाटी (शहदरा) ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश एवं प्रदेश के विकास को रोक रखा है। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश में बेरोज़गारी तेजी से बढ़ रही है, वहीं महंगाई की मार से आम जनता बेहाल है। लेकिन भाजपा की सरकार केवल जातिवाद और धर्मवाद का नारा देकर लोगों को आपस में लड़ाने का काम कर रही है। सुभाष भाटी ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव एक बार फिर 2027 में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बनेंगे।

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

# स्ट्रीट डॉग्स को लगे रेबीज़ के टीके

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर बीटा-1 में एचसीएल फाउंडेशन की टीम ने स्ट्रीट डॉग्स को रेबीज़ का टीका लगाया। आरडब्ल्यूए महासचिव हरेन्द्र भाटी ने बताया कि यह पहल न केवल बेजुबान जानवरों की सुरक्षा करती है, बल्कि समाज को खतरनाक रेबीज़ बीमारी से भी बचाती है।

साथ ही सेक्टर बीटा-1 की सुरक्षा और साफ-सफाई को लेकर आरडब्ल्यूए की कार्यकारणी की बैठक सामुदायिक केंद्र बीटा-1 में संपन्न हुई। अध्यक्ष श्रीमती संगीता शर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि मुख्य स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं, पार्कों और सीवर व्यवस्था की सफाई करवाई जाए और टूटी बाउंड्रीवाल को ठीक कराया जाए। सेक्टर के अन्य गेटों को रात्रि 10.30-11 बजे तक बंद रखने का निर्णय भी लिया गया।

बैठक में संरक्षक शीतला प्रसाद, देवी शरण शर्मा, विनोद कसाना, अध्यक्ष संगीता शर्मा, महासचिव हरेन्द्र भाटी, कोषाध्यक्ष विपिन कुमार भाटी, उपाध्यक्ष राजवीर सिंह, सुनील भाटी, विद्या, अनवर हुसैन, एस.के. सैनी, राहुल अग्रवाल, सिद्धार्थ सिंह, डॉक्टर धर्मेन्द्र सिंह, विजय गुप्ता, गुरुचरण सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।



# शारदा विश्वविद्यालय को शिक्षा क्षेत्र में अहम योगदान के लिए मिले पुरस्कार

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** दिल्ली के विज्ञान भवन में उच्च शिक्षा और कौशल विकास को विकसित भारत की ओर ले जाने पर दूसरा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन और शिक्षा उत्कृष्टता पुरस्कार समारोह का आयोजन वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय,भारत सरकार,सर्विसेस एक्सपोर्ट प्रमोशनल काउंसिल ने किया। इसमें लगभग 250 विश्वविद्यालयों ने हिस्सा लिया। ग्रेनो के नॉलेज पार्क स्थित शारदा विश्वविद्यालय को तीन पुरस्कार मिलें। विश्वविद्यालय के चांसलर पीके गुप्ता को उच्च शिक्षा में उत्कृष्ट नेतृत्व, वाइस चांसलर डॉ सिबाराम खारा को शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए वर्ष का सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय और डॉ अशोक दरयानी को अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के अनुकरणीय निदेशक का पुरस्कार मिला। समारोह में नीति आयोग डॉ शशांक शाह,एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटी की डॉ पंकज मित्तल, पद्म प्रोफेसर आशुतोष शर्मा आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।



विश्वविद्यालय के चांसलर पीके गुप्ता ने कहा कि शिक्षा और विशेष रूप से उच्च शिक्षा का देश की स्थायी आजीविका और आर्थिक विकास की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान है। उच्च शिक्षा के माध्यम से एक व्यक्ति अपने चरित्र का निर्माण करता है। बौद्धिक क्षमता और रचनात्मकता को बढ़ाता है जो किसी भी राष्ट्र की वृद्धि और विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। भारत और अफ्रीका दोनों में युवा आबादी है और युवा अपनी आकांक्षाओं और सपनों को पूरा करने के लिए गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा और बेहतर रोजगार के अवसरों की माँग करते हैं। आज, बाजार की जरूरतों के अनुरूप प्रासंगिक कौशल के साथ गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्रदान करना सबसे महत्वपूर्ण चुनौतियों में से एक है।

विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर ने कहा कि 2030 तक हासिल किए जाने वाले सतत विकास लक्ष्य भी, समावेशी और समान गुणवत्ता वाली शिक्षा सुनिश्चित करने और सभी के लिए आजीवन सीखने के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए भारत 55,000 से अधिक शिक्षण संस्थानों के माध्यम से अपने आकांक्षी युवाओं को उच्च शिक्षा प्रदान कर रहा है। भारत सरकार ने जुलाई 2020 में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति शुरू की जो 21वीं सदी के भारत के युवाओं के लिए आवश्यक कौशल पर केंद्रित है। भारत को उसकी स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष तक एक विकसित राष्ट्र बनाने की एक दूरदर्शी पहल है। प्रौद्योगिकी, बुनियादी ढांचे, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा पर केंद्रित, इसका उद्देश्य समग्र, सतत विकास, असमानताओं को कम करना और जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाना है।

# आरडब्ल्यूए की हुई बैठक



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** आरडब्ल्यूए बीटा-1की कार्यकारणी की बैठक सामुदायिक केंद्र बीटा वन में श्रीमती संगीता शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। संचालन हरेंद्र भाटी महासचिव ने कियाञ जिसमें सेक्टर के मुख्य मुख्य स्थानों पर CCTV कैमरे लगाने का निर्णय लिया गया तथा सेक्टर की सुरक्षा हेतु चारदीवारी कराने व सीवर व्यवस्था साफ़ सफ़ाई पार्कों की साफ़ सफ़ाई कराने हेतु प्राधिकरण द्वारा या स्तर पर कार्रवाई कराने का निर्णय लिया गया तथा वन विभाग के पार्कों की चारो तरफ से टूटी हुई बाउंड्रीवाल सही कराने की माँग भी की गई। सेक्टर की सुरक्षा लिए मैन गेट 24 घंटे खुला रहता है अन्य गेटों को रात्रि साढ़े 10:30 बजे से 11 बजे तक बन्द करने का निर्णय लिया गया सेक्टर बीटा वन में और भी किसी तरह की समस्या होगी उन सभी समस्याओं का समाधान कराया जाएगा।

इस मौक़े पर संरक्षक शीतला प्रसाद, देवी शरण शर्मा, विनोद कसाना,अध्यक्ष संगीता शर्मा, महासचिव हरेन्द्र भाटी, कोषाध्यक्ष विपिन कुमार भाटी, उपाध्यक्ष राजवीर सिंह, सुनील भाटी, विद्या, अनवर हुसैन, स्र्य सैनी राहुल अग्रवाल सिद्धार्थ सिंह डॉ. धर्मेन्द्र सिंह विजय गुप्ता, गुरुचरण सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# भाकियू अराजनीतिक (मंच) का हुआ संगठन विस्तार



**नोएडा (चेतना मंच)।** भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक मंच संगठन की मीटिंग रणजीत शर्मा के निठारी आवास पर हुई। जिसमें सैकडों युवाओ नें संगठन की सदस्यता ली। इस दौरान परवीन शर्मा को ग्राम अध्यक्ष निठारी रणजीत शर्मा को जिला उपाध्यक्ष व गोपी कश्यप को एनसीआर सचिव की जिम्मेदारी दी गई।

मीटिंग में नोएडा के किसानों के मुआवजे 1976 से 1997 तक के किसान कोटे के प्लाट 5 प्रतिशत जमीन किसानों की आबादियों आदि को लेकर जल्द नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों से मीटिंग और आंदोलन पर भी चर्चा की।

इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी जीवन सिंह राष्ट्रीय सचिव प्रकाश प्रधान राष्ट्रीय प्रवक्ता पंडित दिनेश शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष रणवीर अवाना जिला अध्यक्ष सुनील दायमा जिला महासचिव विजय चपरगढ परवीन शर्मा जयचंद भाटी सुबीन भाटी मुनेंद्र भारद्वाज मुकेश सिंह ज्ञान नागर पिंकू शर्मा राहुल शर्मा विजय भारद्वाज रामवीर अवाना नरेश सेन संजीव शर्मा सुधीर शर्मा चिंटू पंडित मीनू चौहान कृष्णा शर्मा संतोष यादव जयवीर अजय कुमार अनिल सिंह मुन्ना सिंह विक्की शिवराज सिंह संजय सिंह पुलकित अमित आशीष सेन वीर चंद आदि रहे।

# गोदरेज बिल्डर्स व प्राधिकरण के खिलाफ किया प्रदर्शन



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** बिरौंडा गांव के किसान राकेश भाटी ने कल ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और गोदरेज बिल्डर्स के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया।

किसान ने अपने ज्ञापन (पत्रांक 1187/2023) के माध्यम से अवगत कराया कि खसरा संख्या 9 की भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया विवादित है और भूलेख विभाग की स्पष्ट आख्या न होने के कारण भूमि विवाद के चलते किसी भी प्रोजेक्ट का कार्य रोका जाना चाहिए।

राकेश भाटी ने कहा कि जब तक कोर्ट का निर्णय नहीं आता, तब तक कोई भी प्रोजेक्ट लॉन्च न किया जाए। प्रशासन द्वारा आज आश्वासन दिए जाने के बाद किसान ने धरना प्रदर्शन को अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया। किसान ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन द्वारा आश्वासन अनुसार समय पर निस्तारण नहीं किया गया, तो 6 अक्टूबर को गोदरेज बिल्डर के मुख्य द्वार पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# प्रभारी मंत्री एके शर्मा ने व्यापारियों को दी जीएसटी सुधार की जानकारी

**भदोही।** जिले के मुख्यालय सरपतहा में प्रभारी मंत्री एके शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर व्यापारियों और जनता को त्रस्ज्ञ में नए सुधारों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 56वीं त्रस्ज्ञ काउंसिल की बैठक में 5त्न और 18त्न की सरल दर संरचना लागू की गई है।

मंत्री शर्मा ने कहा कि इससे दूध, पनीर, साबुन, टूथपेस्ट, बच्चों के सामान और कृषि उपकरणों पर कर में राहत मिलेगी। वाहनों और लग्जरी सामान पर कर दर घटाकर 10त्न किया गया है। यह सुधार नवरात्रि से लागू होगा और सीधे लोगों की जेब पर



असर डालेगा। कार्यक्रम में सांसद डॉ. विनोद बिंद, अनुरोध त्रिपाठी, विपुल दुबे, दीपक मिश्रा, दीनानाथ भास्कर, जिला अध्यक्ष, जिलाधिकारी शैलेश, पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।



अमावस्या पर पितरों की विदाई के पर्व के अवसर पर डॉ. विश्वनाथ लाल निगम, निवर्तमान प्रांत संघचालक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, काशी प्रांत द्वारा राजीव मिश्रा ( स्टेट ऑफिसर, इलाहाबाद विश्वविद्यालय ), रूशाली मिश्रा, मृणाली मिश्रा और आनंद जायसवाल को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# इफको फूलपुर में हिंदी सप्ताह और स्वच्छता पखवाड़े का समापन



**प्रयागराज/फूलपुर।** हिंदी सप्ताह और स्वच्छता में सहकार की भावना के साथ स्वच्छता पखवाड़े का समापन समारोह इफको फूलपुर के सामुदायिक केंद्र में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट जनों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।

वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक (इकाई प्रमुख) संजय कुदेशिया ने कहा कि हिंदी भाषा की सुंदरता यह है कि इसमें कई भाषाओं का समावेश है और यह कई भारतीय भाषाओं की जननी भी है। उन्होंने कहा कि उर्दू भाषा का जन्म भी हिंदी से हुआ है।

विभागाध्यक्ष मानव संसाधन शम्भू शेखर ने स्वच्छता पखवाड़े के दौरान किए गए कार्यक्रमों की जानकारी साझा की। कार्यक्रम का संचालन हेमलता सिजोरिया ने किया।

इस अवसर पर महाप्रबंधक रत्नेश कुमार, ए.के. गुप्ता, पी.के. वर्मा, इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग तिवारी व महामंत्री स्वयम् प्रकाश, इफको इम्पलाइज संघ के अध्यक्ष पंकज पांडेय व महामंत्री विजय कुमार यादव सहित बड़ी संख्या में इफको कर्मचारी, महिलाएं और बच्चे उपस्थित रहे।

# सुपरटेक केप टाउन में महाराजा अग्रसेन जी की जयंती मनाई



**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारत जागरूक नागरिक संगठन के अध्यक्ष शैलेंद्र वर्णवाल ने बताया कि महाराजा अग्रसेन के जयंती पर केप टाउन सोसायटी के वैश्य समाज के लोग क्लब वन में भक्ति भाव से इकट्ठे हुए।

सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके हुआ तत्पश्चात श्री अग्रसेन महाराज जी का पुष्पांजलि हुआ है। पी के अग्रवाल ने अग्रसेन महाराज के जीवनी के बारे में लोगों को बताया। कार्यक्रम के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया।

कार्यक्रम में शैलेंद्र वर्णवाल मंगला जैन पीके अग्रवाल परमानंद गोयल सोमेश लाल सुनील मित्तल राकेश गुप्ता बीके जैन आदि बड़े संख्या में लोग मौजूद रहे।

# ब्राह्मण समाजसेवी का जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया



**नोएडा (चेतना मंच)।** होशियारपुर निवासी राधे पंडित के सेक्टर 49 बरौला कार्यालय पर ब्राह्मण समाजसेवी युवा नेता सोनू शर्मा का 37 वा जन्मदिन पर उनको पगड़ी पहनकर एव केक काटकर बड़ी धूमधाम से मनाया गया।,इस अवसर पर मुख्यरूप से वरिष्ठ समाजसेवी पँडित परमानंद शर्मा मास्टर ने कहा है कि युवा होने के नाते सोनू शर्मा ने ब्राह्मण समाज मे एनेको समाजिक कार्य किये है ।ब्राह्मण समाज पर उनको गर्व है।,समाजसेवी विनोद शर्मा ने कहा ये की बहुत कम लोग होते है जो दूसरे के लिए कार्य करते हैं।,वरिष्ठ नेता कांग्रेस सतेन्द्र शर्मा ने कहा कि युवाओं को ऐसे मार्ग पर चलना चहिए।

समाज के लिए कार्य करने वाले भाई सोनू शर्मा की हम भगवान से लंबी उम्र की कामना करते है, ।इस अवसर पर बसपा नेता नरेश प्रधान,राधे पंडित,पँडित परमानंद शर्मा मास्टर,वरिष्ठ नेता कांग्रेस सतेंद्र शर्मा,वरिष्ठ नेता गौरव शर्मा,पंडित उमाशकर शर्मा,विनोद शर्मा,प्रदेश सदस्य यतेंद्र शर्मा,योगेश शर्मा,सतपाल गर्ग सहित कई लोग मौजूद थे।

## संबंध-विच्छेद

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि में आले नवी पुत्र यामीन निवासी-215 फतेहखान, कस्बा बिलासपुर, थाना- दनकौर, जिला- गौतमबुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) मेरा पुत्र शाकिर व पुत्रवधू जेवा का व्यवहार मेरे और मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के प्रति ठीक नहीं रहता है। मेरा पुत्र व पुत्रवधू अक्सर छोटी-छोटी बातों पर लड़ाई झगड़ा व गाली-गलौज करते हैं। पुत्रवधू घर का कोई काम भी नहीं करती है। जबकि मेरी पत्नी अक्सर बीमार रहती है पुत्रवधू उसको समय पर दवाई भी नहीं देती है। मैंने और रिश्तेदारों ने अपने पुत्र शाकिर व पुत्रवधू जेवा को समझाने का काफी प्रयास किया लेकिन वह लोग समझने को तैयार नहीं है। शाकिर व पुत्रवधू जेवा अपने नाम पैतृक संपत्ति को करने का दबाव बनाते हैं। मेरा पुत्र शाकिर शराब आदि का नशा करता है । मैं और मेरी पत्नी अपने पुत्र शाकिर और पुत्रवधू जेवा के गलत आचरण/ व्यवहार के कारण संबंध-विच्छेद कर अपनी समस्त चल-चल संपत्ति से बेदखल कर रहे हैं। आज के बाद शाकिर व जेवा किसी से लेन-देन करते हैं या उनके किसी कृत्य के लिए वह लोग खुद जिम्मेदार होंगे।

## पृष्ठ एक के शेष....

**व्यापारी पुत्र ने लाइसेंसी...**

घटनास्थल से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। कहा जा रहा है कि सुसाइड नोट से आत्महत्या के कारणों का पता चल जाएगा। खबर लिखे जाने तक पुलिस ने सुसाइट नोट के बारे में कोई जानकारी सार्वजनिक नहीं की है। जवान युवक के आत्महत्या करने की यह घटना नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

**युवती का फोटो वायरल...**

इन वीडियो को वह इंस्टाग्राम में फेसबुक पर नई-नई आईडी बनाकर उन्हें वायरल कर रहा है जिससे समाज में रिश्तेदारी में उसकी छवि धूमिल हो रही है। रिया का आरोप है कि विनीत सक्सेना की इस हरकत की वजह से उसका जीना दूभर हो गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

**स्नातक एमएलसी चुनाव...**

स्नातक एमएलसी चुनाव की तैयारी में जुट जाएं तथा अपनी पूरी ताकत झोंक दें। बैठक में जिला अध्यक्ष नोएडा महेश चौहान, जिला संयोजक युद्धवीर चौहान के साथ मिलकर सभी मंडलों में स्नातक चुनाव के लिए संयोजक एवं सहसंयोजक बनाए। इस अवसर पर अमित त्यागी, प्रज्ञा पाठक, रामकिशन यादव, रामनिवास यादव, सुनीता शर्मा, ओमवीर अवाना, नीरज चौधरी, सत्यनारायण महावर, कल्लू सिंह, मनोज चौहान, भूपेश चौधरी, पंकज झा, राहुल शर्मा, उमानंदन कौशिक, अर्पित मिश्रा, राजीव उपाध्याय, अमित कुमार त्यागी, अमित नागपाल, धर्मेंद्र नंदा, प्रवीण झा अनुभूति टंडन, मीनाक्षी चौहान, राजेश सिंह, विनोद पारीक मौजूद थे।

**सेक्टर-145 में 24 करोड़...**

बदले मिलने वाले पांच प्रतिशत भूखंड की मांग कर रहे हैं। इस जमीन से संबंधित केस का निर्णय नोएडा प्राधिकरण के पक्ष में आया था।

सेक्टर-145 में ही करीब 30 किलोमीटर लंबा नाला बनना है। इस नाले के डिजाइन को मंजूरी के लिए आईआईटी दिल्ली के पास भेजा गया था, जिसको मंजूरी मिल गई है। अधिकारियों ने बताया कि सीईओ की प्रशासनिक सहमति व वित्त समिति की मंजूरी की प्रक्रिया होनी है। इसके बाद नाला निर्माण के लिए भी टेंडर जारी कर दिया जाएगा। इसको बनाने में करीब 63 करोड़ रुपये की लागत आएगी।

**वाहन चोर...**

अस्पताल के बाहर से चोरी की है और वह इसे छुपाने के लिए ले जा रहा था। पकड़े गए वाहन चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया है।

**युवक पर जानलेवा ...**

में एक दूध विक्रेता ने अपने साथ मारपीट होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। चोटपुर कॉलोनी निवासी गौरव ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह 18 सितंबर की शाम को अपने किराएदार महबूब के साथ अपने ग्राहकों को दूध के सप्लाई देने के लिए जा रहा था। इस दौरान छिजारसी कॉलोनी में सिद्धार्थ व उसके अन्य अज्ञात साथियों ने उसके साथ बेवजह मारपीट शुरू कर दी। उसने जब मारपीट करने का कारण पूछा तो सिद्धार्थ ने बताया कि उसे रवि ने भेजा है। पीड़ित के मुताबिक उसने शोर मचाया जिसके बाद आसपड़ोस के लोग इकट्ठा हो गए और आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। थाना प्रभारी का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

## दबंगों ने किया हमला, चार पर मुकदमा

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना जेवर क्षेत्र के दस्तमपुर गांव में मुकदमा वापस न लेने पर दबंगों ने पीड़ित पर हमला कर उसके साथ मारपीट की। पीड़ित ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

ग्राम रुस्तमपुर निवासी हरीश कुमार उर्फ शोभित ने बताया कि 14 सितंबर की शाम को वह रनहेरा गांव से अपने गांव दस्तमपुर आ रहा था। इस दौरान रास्ते में उसे गांव के ही मनीष, कुश, लव व गौतम आदि ने घेर लिया। चारों आरोपियों ने उस पर पुराने मुकदमे को वापस ले जाने का दवाब बनाया। उसने जब मुकदमा वापस लिए जाने से इनकार किया तो आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज में मारपीट शुरू कर दी। मारपीट की वजह से उसे गंभीर चोटे आई। रास्ते से गुजर रहे कुछ लोगों ने उसे आरोपियों के चंगुल से बचाया। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गए। आरोपियों ने धमकी दी कि अगर उनके खिलाफ दर्ज कराए गए मुकदमे को वापस नहीं लिया तो वह उसे जान से मार देंगे।

## किराए पर मकान दिलाने के नाम पर हजारों रुपए हड़पे

**नोएडा ( चेतना मंच )।** मकान किराए पर दिलाने के नाम पर हजारों रुपए हड़पने वाले आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर-24 में मुकदमा दर्ज कराया गया है। यह मुकदमा 9 माह बाद दर्ज हुआ है।

सेक्टर-12 के सी ब्लॉक में रहने वाले पुनीत कुमार अरोड़ा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि मकान किराए पर लेने के लिए उसकी अमित नामक व्यक्ति से फोन पर बात हुई थी। अमित ने उसे सेक्टर-31 में मकान दिलवाने का आश्वासन दिया। 12 दिसंबर 2024 को अमित ने 21578 रुपए धोखाधड़ी कर अपने खाते में डलवा लिए। मकान न मिलने पर उसने जब अपना पैसा वापस मांगा तो उसने आश्वासन दिया कि वह जल्द पैसा लौटा देगा। पुनीत कुमार अरोड़ा के मुताबिक अमित ने इसके बाद उसके फोन नंबर को ब्लॉक कर दिया। उसने कई बार अमित से संपर्क करने का प्रयास किया लेकिन उससे बात नहीं हो पाई। पुलिस का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

## चाचा को पीटकर किया घायल

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना जेवर क्षेत्र के ग्राम मुढ़रह में युवक ने अपने चाचा के साथ मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। आरोपी ने रिपोर्ट दर्ज कराने पर जान से मारने की भी धमकी दी। ग्राम मुढ़रह निवासी खुशबू ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 13 सितंबर की शाम को उनके ससुर नंद सिंह घर में बैठे हुए थे। इस दौरान उसके चचिया ससुर का लड़का ओमपाल पुत्र बलबीर जबरन घर में घुस आया और गाली गलौज शुरू कर दी। उन्होंने जब इस बात का विरोध किया तो ओमपाल ने उसके साथ मारपीट की। मारपीट में रतन सिंह को काफी चोटें आई। शोर शराबा सुनकर आस-पड़ोस के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए इसके बाद ओमपाल जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया।

## नवनिर्मित मकान से चोरी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना दनकौर क्षेत्र के सेक्टर-18 में एक नवनिर्मित मकान से चोर ने इलेक्ट्रिक वायरिंग चोरी कर ली। चोरी के दौरान मौके पर एक मजदूर के आने की वजह से चोर वायरिंग को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। गृह स्वामी ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। रोहित अग्रवाल ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह सेक्टर-18 पॉकेट-5ए में अपने प्लॉट पर निर्माण कार्य करा रहे हैं। जुलाई माह में ठेकेदार विजय द्वारा उनके निर्माणाधीन मकान में इलेक्ट्रिक वायरिंग का काम किया गया था। 17 सितंबर की सुबह अज्ञात चोर उनके मकान में घुस गया। चोर ने अंडरग्राउंड वायरिंग सॉकेट और पाइपों से निकाल कर उसे सीमेंट की बोरी में भर लिया। इसके अलावा मकान में लगे अन्य कीमती सामान को भी चोर ने निकाल लिया। मकान से निकलते समय चोर को मजदूर राधेश्याम ने देख लिया। पकड़े जाने के डर से चोर सीमेंट की बोरी को फेंककर मौके से फरार हो गया। रोहित अग्रवाल के मुताबिक चोरी और तोड़फोड़ की वजह से मकान की सारी वायरिंग नष्ट हो गई है।

# कौन हैं मिथुन मन्हास जो बीसीसीआई अध्यक्ष पद की दौड़ में हैं सबसे आगे

मुंबई, 22 सितंबर (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अगले अध्यक्ष को लेकर चल रही अटकलों के बीच, एक ऐसा नाम सामने आया है जिसके बारे में शायद ही किसी ने सोचा होगा। जी हां, दिल्ली के पूर्व क्रिकेटर मिथुन मन्हास इस पद के लिए सबसे आगे चल रहे हैं और ऐसा माना जा रहा है कि उनका अगला बीसीसीआई अध्यक्ष बनना लगभग तय है। हालांकि, अभी तक इस पर आधिकारिक मुहर लगना बाकी है।



क्रिकबज़ की एक रिपोर्ट के मुताबिक, पूर्व भारतीय टेस्ट क्रिकेटर रघुराम भट्ट भी इस पद के दावेदार हैं और वो भी बीसीसीआई चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने के लिए मुंबई में हैं। देश के लिए दो टेस्ट मैच खेलने वाले भट्ट (67) को कौन सा पद मिलेगा, ये अभी तय नहीं है। ये भी पता चला है कि नामांकन दाखिल करने की समय सीमा समाप्त होने से कुछ घंटे पहले, रविवार सुबह ही उम्मीदवारों को अंतिम निर्णय की जानकारी दी जाएगी।

वहीं, अगर मिथुन मन्हास (45) की बात करें तो, उन्होंने 1998 से 2016 तक 18 साल के घरेलू करियर में 157 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं। अन्य दावेदारों और उम्मीदवारों की उच्च प्रोफ़ाइल को देखते हुए मन्हास एक आश्चर्यजनक विकल्प के रूप में उभरे हैं। सौरव गांगुली और हरभजन सिंह का नाम भी दौड़ में था, लेकिन फिलहाल मन्हास को समर्थन मिलता दिख रहा है। उन्हें 28 सितंबर के चुनाव और वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के लिए जम्मू और कश्मीर क्रिकेट संघ (जेकेसीए) द्वारा नामित किया गया है।

ये स्पष्ट नहीं है कि मन्हास का नाम कैसे तय हुआ लेकिन एक उच्च पदस्थ सूत्र की मानें तो 90 प्रतिशत संभावना है कि मन्हास अध्यक्ष पद के लिए चुने जाएंगे। केंद्रीय मंत्री के आवास पर एक उच्चस्तरीय बैठक हुई, जिसमें कई उम्मीदवारों को दिल्ली आने और फैसले का इंतजार करने के लिए कहा गया। बैठक में बीसीसीआई के सभी पदाधिकारी मौजूद थे जिसमें सचिव देवजीत सैकिया, संयुक्त सचिव रोहन देसाई, कोषाध्यक्ष प्रभतेज सिंह भाटिया, उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला और आईपीएल कमिश्नर अरुण सिंह धूमल भी थे।

बताया जा रहा है, शुक्ला, सैकिया, भाटिया और देसाई के अपने पद पर बने रहने की उम्मीद है। धूमल की स्थिति अभी स्पष्ट नहीं है। इस बात को लेकर कुछ संशय है कि क्या वो आईपीएल अध्यक्ष बने रहेंगे या उन्हें कूलिंग ऑफ के दायरे में रखा जाएगा।

## भारत की अंडर-19 टीम ने ऑस्ट्रेलिया को सात विकेट से हराया

# अभिज्ञान कुंडू ने जड़ा तूफानी अर्धशतक

ब्रिस्बेन, 22 सितंबर (एजेंसियां)। 226 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत की अंडर-19 टीम के लिए वैभव सूर्यवंशी और कप्तान आयुष म्हात्रे की जोड़ी ने तेज शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 50 रन जोड़े। भारत का पहला विकेट वैभव सूर्यवंशी के रूप में गिरा। वैभव ने 22 गेंदों में सात चौके और एक छक्का लगाते हुए 38 रनों की पारी खेली।

हेनिल पटेल (तीन विकेट) तथा किशन कुमार और कौशिक चौहान (दो-दो विकेट) के बाद अभिज्ञान कुंडू (नाबाद 87 ) और वेदांत त्रिवेदी (नाबाद 61) के बेहतरीन अर्धशतकीय पारियों की बदौलत भारत की पुरुष अंडर -19 टीम ने रविवार को पहले यूथ एकदिवसीय मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 117 गेंद शेष रहते सात विकेट से हरा दिया।

226 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत की अंडर-19 टीम के लिए वैभव सूर्यवंशी और कप्तान आयुष म्हात्रे की जोड़ी ने तेज शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 50 रन जोड़े। भारत का पहला विकेट वैभव सूर्यवंशी के रूप में गिरा। वैभव ने 22 गेंदों में सात चौके और एक छक्का लगाते हुए 38 रनों की पारी खेली।

इसके बाद कप्तान आयुष म्हात्रे (छह) और विहान मल्होत्रा नौ के विकेट जल्द गंवा दिये।



लेकिन बाद वेदांत त्रिवेदी और अभिज्ञान कुंडू ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 30.3 ओवरों में 227 रन बनाकर भारत को सात विकेट से जीत दिला दी। अभिज्ञान कुंडू ने 74 गेंदों में आठ चौके और पांच छक्के लगाते हुए नाबाद 87 रनों की पारी खेली और वेदांत त्रिवेदी ने 69 गेंदों में आठ चौको की मदद से नाबाद 61 रन बनाये। ऑस्ट्रेलिया की ओर से चार्ल्स लैचमुंड ने दो विकेट लिये। हेडन शिलर ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया की अंडर -19 टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की टीम को शुरुआत में ही झटका लगा। किशन कुमार ने पहले ही ओवर में दोनो सलामी बल्लेबाजों एलेक्स टर्नर और साइमन बज को बिना खाता खोले ही पवेलियन भेज दिया।

इसके बाद स्टीवन होगन और विल मालाजचुक ने पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 33 रन जोड़े। इन दोनों बल्लेबाजों को हेनिल पटेल ने आउट किया। स्टीवन होगन ने 39 रन बनाये, विल मालाजचुक 17 रन बनाकर आउट हुये। भारतीय गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को खुलकर खेलने नहीं दिया।

इस दौरान वे ऑस्ट्रेलिया के नियमित अंतराल पर विकेट चटकाते रहे। टॉम होगन (40), आर्यन शर्मा (10), हेडन शिलर (नौ) और बेन गॉर्डन (16) रन बनाकर आउट हुये। ऑस्ट्रेलिया ने निर्धारित 50 ओवरों में नौ विकेट पर 225 रन का स्कोर बनाया। जॉन जेम्स 68 गेंदों में छह चौके और एक छक्का लगाते हुए 77 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत की अंडर-19 टीम के लिए हेनिल पटेल ने तीन विकेट, किशन कुमार और कौशिक चौहान ने दो-दो विकेट लिये। आर एस अमब्रिश ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

# ऋषभ पंत की वापसी का इंतजार बढ़ा

## इंजरी पर आई अपडेट के बाद टीम इंडिया में कब होगी वापसी?

मुंबई, 22 सितंबर (एजेंसियां)। टीम इंडिया में ऋषभ पंत की वापसी का इंतजार बढ़ गया है. ऐसा उनकी इंजरी को लेकर आए नए अपडेट के बाद हुआ है. बाएं हाथ के विकेटकीपर बल्लेबाज को इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दौरान पैर में फ्रैक्चर हो गया था, जिसके बाद उन्हें 3 से 4 हफ्ते के लिए क्रिकेट से दूर होना पड़ा था. ऐसा माना जा रहा था कि पंत वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज से टीम में वापसी कर लेंगे. लेकिन, अब खबर है कि कैरेबियाई टीम के खिलाफ टेस्ट सीरीज के 2 मुकाबलों समेत वो अभी पूरे 10 मुकाबले टीम इंडिया के लिए नहीं खेलने वाले.

**ये 10 मैच भी नहीं खेलेंगे ऋषभ पंत!**



अब सवाल है कि वो 10 मुकाबले हैं कौन, जिनसे ऋषभ पंत बाहर रह सकते हैं? इसमें वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज के 2 मुकाबलों के अलावा ऑस्ट्रेलिया दौरे पर खेली जाने वाली व्हाइट बॉल सीरीज के 8 मुकाबले भी शामिल हैं, जिसमें 5 T20I और 3 वनडे शामिल हैं. रिपोर्ट्स के मुताबिक ऋषभ पंत अभी 100 प्रतिशत फिट नहीं हैं और उसी के चलते उनका सेलेक्शन ना तो वेस्टइंडीज और ना ही ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज के लिए हो सकता है.

भारत को वेस्टइंडीज से टेस्ट सीरीज के 2 मुकाबले 2 अक्टूबर से 14 अक्टूबर के बीच खेलने हैं. वहीं ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ व्हाइट बॉल सीरीज की शुरुआत 19 अक्टूबर से होगी और ये 8 नवंबर को खत्म होगी. ऐसी खबर है कि इन दोनों सीरीज के लिए ऋषभ पंत की उपलब्धता तय नहीं है. बीसीसीआई के सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट्स में बताया गया कि उनके पैर की सूजन अभी कम नहीं हुई है. साथ ही अभी उनके वाकिंग बूट्स के भी निकलने में थोड़ा वक्त है.

**ऋषभ पंत कब तक करेंगे वापसी?**

अब ऋषभ पंत वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में होने वाले कुल मिलाकर 10 मुकाबलों में नहीं खेलेंगे तो फिर मैदान पर वापसी करेंगे कब तक? इस बारे में रिपोर्ट्स में बताया गया कि बाएं हाथ के विकेटकीपर बल्लेबाज की टीम इंडिया में साउथ अफ्रीका के खिलाफ होने वाली घरेलू सीरीज से वापसी हो सकती है. ये सीरीज इस साल नवंबर में शुरू होनी है.

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच 14 नवंबर से टेस्ट सीरीज की शुरुआत होगी. 2 टेस्ट की सीरीज का पहला मैच ईडन गार्डन्स पर होगा. जबकि दूसरा टेस्ट 22 नवंबर से गुवाहाटी में खेला जाएगा. टेस्ट के बाद 3 वनडे और 5 T20I की सीरीज भी होगी. वनडे सीरीज के मुकाबले 30 नवंबर से 6 दिसंबर के बीच खेले जाएंगे. जबकि T20 सीरीज के 5 मैच 9 दिसंबर से 19 दिसंबर तक खेले जाएंगे.

# मेसी का धमाकेदार प्रदर्शन

## इंटर मियामी ने यूनाइटेड को 3-2 से हराया

फोर्ट लॉडरडेल, 22 सितंबर (एजेंसियां)। मेजर लीग सॉकर में खेले गए मुकाबले में लियोनेल मेसी ने शानदार खेल दिखाते हुए अपनी टीम इंटर मियामी को डी.सी. यूनाइटेड के खिलाफ 3-2 से जीत दिलाई। अर्जेंटीनी स्टार ने इस मैच में एक असिस्ट और दो गोल किए।



**पहले हाफ में असिस्ट, दूसरे हाफ में दो गोल**

पहले हाफ में मेसी ने 35वें मिनट में तादेओ एलेन्डे के गोल में असिस्ट किया और इंटर मियामी को 1-0 की बढ़त दिलाई। यह मेसी का इस सीजन का 12वां असिस्ट था, जो लीग में चौथे सबसे ज्यादा असिस्ट के बराबर है। दूसरे हाफ में डी.सी. यूनाइटेड ने क्रिश्चियन बेंटेके के गोल से स्कोर 1-1 कर दिया, लेकिन मेसी ने 66वें मिनट में शानदार गोल दागकर इंटर मियामी को फिर से बढ़त दिला दी। इसके बाद 85वें मिनट में मेसी ने एक और गोल कर टीम की जीत लगभग पक्की कर दी। डी.सी. यूनाइटेड ने इंजरी टाइम में एक गोल जरूर किया, लेकिन स्कोर 3-2 पर ही रहा।

**मेसी गोल्डन बूट रेस में सबसे आगे**

मियामी की जीत और दो गोलों के बाद मेसी के इस सीजन में कुल 22 गोल हो गए हैं, जिससे वे नैशविल एससी के सैम सर्रिज से एक गोल आगे निकल गए हैं और गोल्डन बूट रेस में पहले स्थान पर पहुंच गए हैं।

**क्लब के साथ एक्सटेंशन की खबरें**

रिपोर्ट्स के मुताबिक, मेसी इंटर मियामी के साथ 2026 तक का कॉन्ट्रैक्ट एक्सटेंशन साइन करने के करीब हैं। क्लब के सह-मालिक जॉर्ज मास ने पहले ही कहा था कि वे मेसी को अगले साल तैयार होने वाले नए मियामी फ्रीडम पार्क स्टेडियम में खेलते देखना चाहते हैं।

# एशिया कप से बाहर होते ही बदल गई अफगानिस्तान टीम

## 3 खिलाड़ियों को किया गया बाहर

खेल डेस्क, 22 सितंबर (एजेंसियां)। इन दिनों यूएई में एशिया कप 2025 की धूम है. 8 टीमों ने हिस्सा लिया था, जिनमें ग्रुप स्टेज के बाद 4 टीमों का सफर खत्म हो गया है, जो टीम ग्रुप स्टेज से आगे नहीं जा सकीं उनमें अफगानिस्तान भी शामिल है. अब एशिया कप 2025 के ठीक बाद ये टीम यूएई में ही बांग्लादेश के खिलाफ वनडे और टी20 सीरीज खेलेगी. इस सीरीज के लिए अफगानिस्तान टीम का ऐलान कर दिया गया है. एशिया कप में खराब प्रदर्शन के चलते तीन बड़े बदलाव किए गए हैं.

बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले इस सफेद गेंद की सीरीज में फजल हक फारूकी, गुलबदीन नईब और करीम जनत को जगह नहीं मिली है. इनकी जगह तीन नए चेहरों को मौका दिया गया है



**इन तीन नए खिलाड़ियों को मिला मौक**

**1. बशीर अहमद-** लंबे कद का यह बाएं हाथ का तेज गेंदबाज पहली बार अफगानिस्तान के लिए खेलेगा. इससे पहले वो अंडर-19 में देश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं. घरेलू क्रिकेट में बढ़िया प्रदर्शन के बाद उन्हें नेशनल टीम में मौका दिया गया है. इस बॉलर ने अब तक पांच लिस्ट ए और 14 टी20 मैच खेले हैं. उन्होंने 38.16 की औसत से 12 टी20 विकेट लिए हैं और 9.06 रन प्रति ओवर की इकॉनमी रेट से रन दिए हैं.

**2. वफ़ीउल्लाह तरखिल-** 18 साल के युवा टॉप ऑर्डर बल्लेबाज को जगह मिली है. अब तक खेले गए 33 टी20 मैचों में तरखिल ने 794 रन बनाए हैं, जिनमें पांच शतक शामिल हैं. हाल ही में श्पगीजा क्रिकेट लीग में वह तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे थे, अब उन्हें इस शानदार प्रदर्शन का इनाम दिया गया है.

**3. अब्दुल्ला अहमदजई-** इस तेज गेंदबाज ने हाल ही में यूएई के खिलाफ टी20 डेब्यू किया था और कप्तान मुहम्मद वसीम का विकेट लिया था. अब्दुल्ला अब बांग्लादेश के खिलाफ अपनी छाप छोड़ना चाहेंगे.

**ये खिलाड़ी बने रिजर्व**

अल्लाह गजनफर और रहमत शाह को टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल किया गया है. वे वनडे टीम का अहम हिस्सा बने रहेंगे, जबकि वनडे में रिर्जव प्लेयर के तौर पर बिलाल सामी और फरीदून दाऊदजई को चुना गया है.

# पूर्व भारतीय क्रिकेटर श्रीकांत ने पाकिस्तान को लताड़ा

## बोले- उन्हें एसोसिएट टीमों में भेजो

दुबई, 22 सितंबर (एजेंसियां)। टीम इंडिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज कृष्णमाचारी श्रीकांत ने पाकिस्तान टीम पर जमकर निशाना साधा। अपने यूट्यूब चैनल 'चीकी चीका' पर बोलते हुए उन्होंने कहा, 'आगे चलकर पाकिस्तान को मुख्य टीमों के साथ नहीं खेलना चाहिए। इन्हें एसोसिएट नेशंस के बीच भेज दो और वहां से कुछ टीमों को यहां ले आओ। पाकिस्तान के लिए यह भी बड़ी बात है कि उन्हें इतने बड़े और प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में खेलने का मौका मिल रहा है।'





श्रीकांत यहीं नहीं रुके। उन्होंने आगे कहा, 'पाकिस्तान को टॉप-सात टीमों से बाहर कर देना चाहिए। अब से भारत-पाकिस्तान मैच दर्शकों को आकर्षित नहीं करेंगे। भारत-पाकिस्तान की राइवलरी अब इतिहास बन चुकी है। यह पाकिस्तान टीम हमें डराने लायक नहीं है। यह तो चेन्नई लीग की सातवीं डिवीजन टीम जैसी है।'

यूएई के खिलाफ मुश्किल से मिली थी जीत

पाकिस्तान की एशिया कप 2025 सुपर-फोर में जगह बनाना भी मुश्किल से हुआ। टीम ने यूएई के खिलाफ 146 रन बनाए और किसी तरह इस स्कोर का बचाव कर सुपर-फोर में जगह पक्की की। इसके अलावा ओमान के खिलाफ पाकिस्तान ने 93 रन से जीत हासिल की थी। वहीं, भारत ने यूएई को नौ विकेट से और पाकिस्तान को सात विकेट से हराया। हालांकि, ओमान के खिलाफ टीम इंडिया को कड़ी चुनौती मिली और 188 रन बनाने के बावजूद सिर्फ 21 रन से मैच जीत सके।

हेड कोच माइक हेसन पर भी सवाल

श्रीकांत ने पाकिस्तान टीम के हेड कोच माइक हेसन पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा, 'माइक हेसन फिर से बयान देंगे कि उनकी टीम बहुत अच्छी है और भारत के खिलाफ वे बदकिस्मत थे, लेकिन इस कोच के साथ पाकिस्तान कहीं नहीं पहुंचने वाला।' माइक हेसन, जो न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम और आईपीएल फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लंबे समय तक कोच रह चुके हैं, मई 2025 में पाकिस्तान टीम के हेड कोच बने थे।

# कुछ गलत नहीं किया, आर अश्विन का फूटा गुस्सा

## पाकिस्तान टीम को सुनाई खरी-खरी

'नई दिल्ली, 22 सितंबर (एजेंसियां)। आर अश्विन ने पाकिस्तान टीम को जमकर लताड़ लगाई है. उन्होंने साफ कर दिया कि मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट की 14 सितंबर 2025 को हुए मैच में कोई गलती नहीं थी और पाकिस्तान टीम उन्हें बलि का बकरा बना रही है.

दोनों ही देशों के बीच 14 सितंबर को मुकाबला हुआ था और भारतीय टीम ने इसे जीता था. इसके बाद नो हैंडशेक विवाद काफी चर्चा का विषय बना. पाक टीम को ये बात पसंद नहीं आई और उन्होंने एंडी पाइक्रॉफ्ट को हटाने की मांग कर दी, क्योंकि उन्होंने टॉस के पहले सलमान अली आगा को सूर्या से हाथ मिलाने से मना किया था. इसी को लेकर अब आर अश्विन की प्रतिक्रिया सामने आई है.





**अश्विन ने पाक टीम को सुनाई खरी-खरी**

अपने हिंदी यूट्यूब चैनल पर आर अश्विन का पाकिस्तान पर जमकर गुस्सा फूटा. वो इस बात से खुश नहीं थे कि पाक टीम अपनी गलतियां सुधारने पर ध्यान नहीं दे रही है, बल्कि नो हैंडशेक पर फोकस कर रही है. उन्होंने कहा, 'एंडी पाइक्रॉफ्ट ने सभी को शर्मनाक चीज देखने से बचाया. भारत ने मैच रेफरी को पहले बता दिया था कि हमारा ये फैसला है और हम इसे फॉलो करेंगे. इस ड्रामा के बाद आप लोग मैच हार गए. आप किस बारे में शिकायत कर रहे हैं? आप इसलिए नहीं हारे कि हमने हाथ नहीं मिलाया. आप ये पता कीजिए कि सुधार क्या करना है. अगर भारत के साथ नो हैंडशेक परेशानी था, तो यूएई के मैच में क्या दिक्कत थी?'

अश्विन ने पाइक्रॉफ्ट का किया समर्थन

आर अश्विन ने एंडी पाइक्रॉफ्ट का समर्थन किया और कहा कि उनकी कोई गलती नहीं थी. उन्होंने कहा, 'आप एंडी पाइक्रॉफ्ट को बलि का बकरा क्यों बना रहे हैं? उन्होंने कुछ गलत नहीं किया. वो कोई टीचर या प्रिंसिपल नहीं है, जो सूर्या को जाकर बोलेंगे कि आपको हाथ मिलाना है. ये उनका काम नहीं है. इसमें एंडी की क्या गलती है? हमारे खिलाड़ी क्लियर थे कि हम अपने देश का नेतृत्व करने आए हैं और हमें नियमों का पालन करना है. बात यही खत्म हो जानी चाहिए.'

टी20 अंतर्राष्ट्रीय में भारत और पाकिस्तान के बीच 14 मैच हुए हैं. टीम इंडिया ने इसी बीच 11 मुकाबलों में जीत दर्ज की है, वहीं पाकिस्तान का पलड़ा मात्र 3 मैचों में भारी रहा है. भारत ने पाक टीम को पिछले मैच में बुरी तरह से हराया और 7 विकेट से मैच अपने नाम किया. वो दोबारा ये काम कर सकते हैं.

# गुलवीर और अन्नू रानी का निराशाजनक प्रदर्शन, फाइनल में नहीं बना सके जगह





टोक्यो, 22 सितंबर (एजेंसियां)। राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारी गुलवीर सिंह और अन्नू रानी ने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में निराशाजनक प्रदर्शन किया जिस कारण वह अपनी-अपनी स्पर्धा के फाइनल में जगह नहीं बना सके। गुलवीर पुरुषों की 5000 मीटर दौड़ में और अन्नू रानी महिलाओं की भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालिफाई करने में नाकाम रहीं। गुलवीर पुरुषों की 5000 मीटर दौड़ की दूसरी हीट में 13 मिनट 42.34 सेकेंड के समय से नौवें स्थान पर रहे जो इस सत्र का उनका सबसे खराब समय था और उनके राष्ट्रीय रिकॉर्ड समय 12:59.77 से भी कम था। हालांकि वह मामूली अंतर से फाइनल से चूक गए क्योंकि दोनों हीट में शीर्ष आठ आठ खिलाड़ी ही पदक दौर में पहुंच पाए। वह कुल 39 प्रतिस्पर्धी खिलाड़ियों में 27वें स्थान पर रहे।

गुलवीर 10000 मीटर दौड़ में 16वें स्थान पर रहे थे। वहीं अपनी पांचवीं विश्व चैंपियनशिप में भाग ले रही 33 वर्षीय रानी क्वालीफिकेशन दौर में ग्रुप ए में 55.18 मीटर के थ्रो से 15वें स्थान पर रहीं। वह 36 खिलाड़ियों में से 29वें स्थान पर रहीं। 2024 में औसत प्रदर्शन के बाद, रानी इस साल 62.59 मीटर के अपने सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ कुछ हद तक अपनी लय वापस पा चुकी थीं। लेकिन, शुक्रवार को उन्होंने सत्र का अपना सबसे खराब प्रदर्शन भी किया। उन्होंने इससे पहले 2017, 2019, 2022 और 2023 में विश्व चैंपियनशिप में भाग लिया था।

वर्ष के चार नवरात्रों में चैत्र, आषाढ़, आश्विन और माघ की शुक्ल प्रतिपदा से नवमी तक नौ दिन के होते हैं, परंतु प्रसिद्धि में चैत्र और आश्विन के नवरात्र ही मुख्य माने जाते हैं। नवरात्र में देवी माँ के व्रत रखे जाते हैं। स्थान-स्थान पर देवी माँ की मूर्तियाँ बनाकर उनकी विशेष पूजा की जाती है। मान्यता है कि नवरात्र में महाशक्ति की पूजा कर श्रीराम ने अपनी खोई हुई शक्ति पाई, इसलिए इस समय आदिशक्ति की आराधना पर विशेष बल दिया गया है।

# ऊर्जा का उत्सव नवरात्री





**नवरात्रि** एक हिंदू पर्व है। नवरात्रि संस्कृत शब्द है, जिसका अर्थ होता है नौ रातें। यह पर्व साल में चार बार आता है। चैत्र, आषाढ, अश्विन, पोषप्रतिपदा से नवमी तक मनाया जाता है। नवरात्रि के नौ रातो में तीन देवियों - महाकाली, महालक्ष्मी और महासरस्वतीया सरस्वतीकि तथा दुर्गा के नौ स्वरुपों की पूजा होती है जिन्हे नवदुर्गा कहते हैं। नौ देवियाँ है - श्री शैलपुत्री, श्री ब्रह्मचारिणी, श्री चंद्रघंटा, श्री कुष्मांडा, श्री स्कंदमाता, श्री कात्यायनी, श्री कालरात्रि, श्री महागौरी, श्री सिद्धिदात्री।

शक्ति की उपासना का पर्व शारदेय नवरात्र प्रतिपदा से नवमी तक निश्चित नौ तिथि, नौ नक्षत्र, नौ शक्तियों की नवधा भक्ति के साथ सनातन काल से मनाया जा रहा है। सर्वप्रथम श्रीरामचंद्रजी ने इस शारदीय नवरात्रि पूजा का प्रारंभ समुद्र तट पर किया था और उसके बाद दसवें दिन लंका विजय के लिए प्रस्थान किया और विजय प्राप्त की । तब से असत्य, अधर्म पर सत्य, धर्म की जीत का पर्व दशहरा मनाया जाने लगा। आदिशक्ति के हर रूप की नवरात्र के नौ दिनों में क्रमशः अलग-अलग पूजा की जाती है। माँ दुर्गा की नौवीं शक्ति का नाम सिद्धिदात्री है। ये सभी प्रकार की सिद्धियाँ देने वाली हैं। इनका वाहन सिंह है और कमल पुष्प पर ही आसीन होती हैं । नवरात्रि के नौवें दिन इनकी उपासना की जाती है। नवदुर्गा और दस महाविधाओं में काली ही प्रथम प्रमुख हैं। भगवान शिव की शक्तियों में उग्र और सौम्य, दो रूपों में अनेक रूप धारण करने वाली दस महाविधाएँ अनंत सिद्धियाँ प्रदान करने में समर्थ हैं। दसवें स्थान पर कमला वैष्णवी शक्ति हैं, जो प्राकृतिक संपत्तियों की अधिष्ठात्री देवी लक्ष्मी हैं। देवता, मानव, दानव सभी इनकी कृपा के बिना पंगु हैं, इसलिए आगम-निगम दोनों में इनकी उपासना समान रूप से वर्णित है। सभी देवता, राक्षस, मनुष्य, गंधर्व इनकी कृपा-प्रसाद के लिए लालायित रहते हैं।

## प्रमुख कथा

लंका-युद्ध में ब्रह्माजी ने श्रीराम से रावण वध के लिए चंडी देवी का पूजन कर देवी को प्रसन्न करने को कहा और बताए अनुसार चंडी पूजन और हवन हेतु दुर्लभ एक सौ आठ नीलकमल की व्यवस्था की गई। वहीं दूसरी ओर रावण ने भी अमरता के लोभ में विजय कामना से चंडी पाठ प्रारंभ किया। यह बात इंद्र देव ने पवन देव के माध्यम से श्रीराम के पास पहुँचाई और परामर्श दिया कि चंडी पाठ यथासभंव पूर्ण होने दिया जाए। इधर हवन सामग्री में पूजा स्थल से एक नीलकमल रावण की मायावी शक्ति से गायब हो गया और राम का संकल्प टूटता-सा नजर आने लगा। भय इस बात का था कि देवी माँ रुष्ट न हो जाएँ। दुर्लभ नीलकमल की व्यवस्था तत्काल असंभव थी, तब भगवान राम को सहज ही स्मरण हुआ कि मुझे लोग कमलनयन नवकंच लोचन कहते हैं, तो क्यों न संकल्प पूर्ति हेतु एक नेत्र अर्पित कर दिया जाए और प्रभु राम जैसे ही तूणीर से एक बाण निकालकर अपना नेत्र निकालने के लिए तैयार हुए, तब देवी ने प्रकट हो, हाथ पकड़कर कहा- राम मैं प्रसन्न हूँ और विजयश्री का आशीर्वाद दिया। वहीं रावण के चंडी पाठ में यज्ञ कर रहे ब्राह्मणों की सेवा में ब्राह्मण बालक का रूप धर कर हनुमानजी सेवा में जुट गए। नि:स्वार्थ सेवा देखकर ब्राह्मणों ने हनुमानजी से वर माँगने को कहा। इस पर हनुमान ने विनम्रतापूर्वक कहा- प्रभु, आप प्रसन्न हैं तो जिस मंत्र से यज्ञ कर रहे हैं, उसका एक अक्षर मेरे कहने से बदल दीजिए। ब्राह्मण इस रहस्य को समझ नहीं सके और तथास्तु कह दिया। मंत्र में जयादेवी... भूर्तिहरिणी में ह के स्थान पर क उच्चारित करें, यही मेरी इच्छा है। भूर्तिहरिणी यानी कि प्राणियों की पीड़ा हरने वाली और करिणी का अर्थ हो गया प्राणियों को पीड़ित करने वाली, जिससे देवी रुष्ट हो गई और रावण का सर्वनाश करवा दिया। हनुमानजी महाराज ने श्लोक में ह की जगह क करवाकर रावण के यज्ञ की दिशा ही बदल दी।

## अन्य कथाएं

इस पर्व से जुड़ी एक अन्य कथा अनुसार देवी दुर्गा ने एक भैंस रूपी असुर अर्थात महिषासुर का वध किया था। पौराणिक कथाओं के अनुसार महिषासुर के एकाग्र ध्यान से बाध्य होकर देवताओं ने उसे अजय होने का वरदान दे दिया। उसको वरदान देने के बाद देवताओं को चिंता हुई कि वह अब अपनी शक्ति का गलत प्रयोग करेगा। और प्रत्याशित प्रतिफल स्वरूप महिषासुर ने नरक का विस्तार स्वर्ग के द्वार तक कर दिया और उसके इस कृत्य को देख देवता विस्मय की स्थिति में आ गए। महिषासुर ने सूर्य, इन्द्र, अग्नि, वायु, चन्द्रमा, यम, वरुण और अन्य देवताओं के सभी अधिकार छीन लिए हैं और स्वयं स्वर्गलोक का मालिक बन बैठा। देवताओं को महिषासुर के प्रकोप से पृथ्वी पर विचरण करना पड़ रहा है। तब महिषासुर के इस दुस्साहस से क्रोधित होकर देवताओं ने देवी दुर्गा की रचना की। ऐसा माना जाता है कि देवी दुर्गा के निर्माण में सारे देवताओं का एक समान बल लगाया गया था। महिषासुर का नाश करने के लिए सभी देवताओं ने अपने अपने अस्त्र देवी दुर्गा को दिए थे और कहा जाता है कि इन देवताओं के सम्मिलित प्रयास से देवी दुर्गा और बलवान हो गईं थी। इन नौ दिन देवी-महिषासुर संग्राम हुआ और अन्ततः महिषासुर-वध कर महिषासुर मर्दिनी कहलायीं।

## निर्माणाधीन मूर्तियां

चौमासे में जो कार्य स्थगित किए गए होते हैं, उनके आरंभ के लिए साधन इसी दिन से जुटाए जाते हैं। क्षत्रियों का यह बहुत बड़ा पर्व है। इस दिन ब्राह्मण सरस्वती-पूजन तथा क्षत्रिय शस्त्र-पूजन आरंभ करते हैं। विजयादशमी या दशहरा एक राष्टीय पर्व है। अर्थात आश्विन शुक्ल दशमी को सायंकाल तारा उदय होने के समय विजयकाल रहता है। यह सभी कार्यों को सिद्ध करता है। आश्विन शुक्ल दशमी पूर्वविद्धा निषिद्ध, परविद्धा शुद्ध और श्रवण नक्षत्रयुक्त सूर्योदयव्यापिनी सर्वश्रेष्ठ होती है। अपराह्न काल, श्रवण नक्षत्र तथा दशमी का प्रारंभ विजय यात्रा का मुहूर्त माना गया है। दुर्गा-विसर्जन, अपराजिता पूजन, विजय-प्रयाग, शमी पूजन तथा नवरात्र-पारण इस पर्व के महान कर्म हैं। इस दिन संध्या के समय नीलकंठ पक्षी का दर्शन शुभ माना जाता है। क्षत्रिय/राजपूतों इस दिन प्रातः स्नानादि नित्य कर्म से निवृत्त होकर संकल्प मंत्र लेते हैं। इसके पश्चात देवताओं, गुरुजन, अस्त्र-शस्त्र, अश्व आदि के यथाविधि पूजन की परंपरा है।

# कैसे करें घट स्थापना

आश्विन शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से शारदीय नवरात्रि की धूम नौ दिनों तक रहेगी। इन दिनों मां भगवती के नौ रूपों का पूजन-अर्चन होगा। आइए जानते हैं घटस्थापना कैसे करें -


- घटस्थापना हमेशा शुभ मुहूर्त में करनी चाहिए।
- नित्य कर्म और स्नान के बाद ध्यान करें।
- इसके बाद पूजन स्थल से अलग एक पाटे पर लाल व सफेद कपड़ा बिछाएं।
- इस पर अक्षत से अष्टदल बनाकर इस पर जल से भरा कलश स्थापित करें।
- इस कलश में शतावरी जड़ी, हलकुंड, कमल गट्टे व रजत का सिक्का डालें।
- दीप प्रज्वलित कर इष्ट देव का ध्यान करें।
- तत्पश्चात देवी मंत्र का जाप करें।
- अब कलश के सामने गेहूं व जौ को मिट्टी के पात्र में रोंपें।
- इस ज्वारे को माताजी का स्वरूप मानकर पूजन करें।
- अंतिम दिन ज्वारे का विसर्जन करें।



# नौ दिन कैसे करें कन्या-पूजन

नवरात्रि यानी सौन्दर्य के मुखरित होने का पर्व। नवरात्रि यानी उमंग से खिल-खिल जाने का पर्व। कहते हैं, नौ दिनों तक दैवीय शक्ति मनुष्य लोक के भ्रमण के लिए आती है। इन दिनों की गई उपासना-आराधना से देवी भक्तों पर प्रसन्न होती है। लेकिन पुराणों में वर्णित है कि मात्र श्लोक-मंत्र-उपवास और हवन से देवी को प्रसन्न नहीं किया जा सकता। इन दिनों 2 से लेकर 5 वर्ष तक की नन्ही कन्याओं के पूजन का विशेष महत्व है। नौ दिनों तक इन नन्ही कन्याओं को सुंदर गिफ्ट्स देकर इनका दिल जीता जा सकता है। इनके माध्यम से नवदुर्गा को भी प्रसन्न किया जा सकता है। पुराणों की दृष्टि से नौ दिनों तक कन्याओं को एक विशेष प्रकार की भेंट देना शुभ होता है।


- प्रथम दिन इन्हें फूल की भेंट देना शुभ होता है। साथ में कोई एक श्रृंगार सामग्री अवश्य दें। अगर आप मां सरस्वती को प्रसन्न करना चाहते है तो श्वेत फूल अर्पित करें। अगर आपके दिल में कोई भौतिक कामना है तो लाल पुष्प देकर इन्हें खुश करें। (उदाहरण के लिए - गुलाब, चंपा, मोगरा, गेंदा, गुड़हल)
- दूसरे दिन फल देकर इनका पूजन करें। यह फल भी सांसारिक कामना के लिए लाल अथवा पीला और वैराग्य की प्राप्ति के लिए केला या श्रीफल हो सकता है। याद रखें कि फल खट्टे ना हो।
- तीसरे दिन मिठाई का महत्व होता है। इस दिन अगर हाथ की बनी खीर, हलवा या केशरिया चावल बना कर खिलाए जाएं तो देवी प्रसन्न होती है।
- चौथे दिन इन्हें वस्त्र देने का महत्व है लेकिन सामर्थ्य अनुसार रूमाल या रंगबिरंगे रीबन दिए जा सकते हैं।
- पांचवे दिन देवी से सौभाग्य और संतान प्राप्ति की मनोकामना की जाती है। अतः कन्याओं को पांच प्रकार की श्रृंगार सामग्री देना अत्यंत शुभ होता है। इनमें बिंदिया, चूड़ी, मेहंदी, बालों के लिए क्लिप्स, सुगंधित साबुन, काजल, नेलपॉलिश, टैल्कम पावडर इत्यादि हो सकते हैं।
- छठे दिन बच्चियों को खेल-सामग्री देना चाहिए। आजकल बाजार में खेल सामग्री की अनेक वैरायटी उपलब्ध है। पहले यह रिवाज पांचे, रस्सी और छोटे-मोटे खिलौनों तक सीमित था। अब तो ढेर सारे विकल्प मौजूद है।
- सातवां दिन मां सरस्वती के आह्वान का होता है। अतः इस दिन कन्याओं को शिक्षण सामग्री दी जानी चाहिए। आजकल स्टेशनरी बाजार में विभिन्न प्रकार के पेन, स्केच पेन, पेंसिल, कॉपी, ड्रॉईंग बुक्स, कंपास, वाटर बॉटल, कलर बॉक्स, लंच बॉक्स उपलब्ध है।
- आठवां दिन नवरात्रि का सबसे पवित्र दिन माना जाता है। इस दिन अगर कन्या का अपने हाथों से श्रृंगार किया जाए तो देवी विशेष आशीर्वाद देती है। इस दिन कन्या के दूध से पैर पूजने चाहिए। पैरों पर अक्षत, फूल और कुंकुम लगाना चाहिए। इस दिन कन्या को भोजन कराना चाहिए और यथासामर्थ्य कोई भी भेंट देनी चाहिए। हर दिन कन्या-पूजन में दक्षिणा अवश्य दें।
- नौवें दिन खीर, ग्वारफली और दूध में गूंथी पूरियां कन्या को खिलानी चाहिए। उसके पैरों में महावर और हाथों में मेहंदी लगाने से देवी पूजा संपूर्ण होती है। अगर आपने घर पर हवन का अयोजन किया है तो उसके नन्हे हाथों से उसमें समिधा अवश्य डलवाएं। उसे इलायची और पान का सेवन कराएं।



# नवरात्रि के चमत्कारिक दिव्य मंत्र



वर्तमान में मनुष्य ने अपने जीवन को इतनी आवश्यकताओं से घेर लिया है कि वह उनमें ही उलझा रहता है। ऐसे मनुष्यों के लिए समस्याओं को हल करने के लिए सरलतम मंत्र दे रहे हैं। जो नवरात्रि में करने से सफलता मिलती है एवं समस्या से छुटकारा मिलता है। ऐसे पावन नौ दिनों के लिए दिव्य मंत्र दिए जा रहे हैं, जिनके विधिवत परायण करने से स्वयं के नाना प्रकार के कार्य व सामूहिक रूप से दूसरों के कार्य पूर्ण होते हैं। इन मंत्रों को नौ दिनों में अवश्य जाप करें। इनसे यश, सुख, समृद्धि, पराक्रम, वैभव, बुद्धि, ज्ञान, सेहत, आयु, विद्या, धन, संपत्ति, ऐश्वर्य सभी की प्राप्ति होती है। विपत्तियों का नाश होगा।



### विपत्ति-नाश के लिए

शरणागतदीनार्तपरित्राणपरायणे।
सर्वस्पापहरे देवि नारायणि नमोस्तुते।।

### भय नाश के लिए

सर्वस्वरूपे सर्वेश सर्वशक्तिसमन्विते।
भयेभ्यस्त्राहि नो देवि, दुर्गे देवि नमोस्तुते।।

### पाप नाश तथा भक्ति की प्राप्ति के लिए

नमेभ्य सर्वदा भक्त्या चण्डिके दुरितापहे।
रूपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषो जहि।।

### हर प्रकार के कल्याण के लिए

सर्वमंगल्यमांगल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके।
शरण्ये त्र्यंबके गौरी नारायणि नमोस्तुते।।

### धन, पुत्रादि प्राप्ति के लिए

सर्वबाधाविनिर्मुक्तो-धनधान्यसुतान्वित
मनुष्यों मत्प्रसादेन भविष्यति न संशय।।

### रक्षा पाने के लिए

शूलेन पाहि नो देवि पाहि खंडे न चाम्बिके।
घण्टास्वनेन न पाहि चापज्यानि स्वनेन च।।

### मोक्ष की प्राप्ति के लिए

त्वं वैष्णवी शक्तिरन्तवीर्या।
विश्वस्य बीजं परमासि माया।
सम्मोहितं देवि समस्तमेत
त्वं वै प्रसन्ना भूवि मुक्ति हेतु।।

### बाधा व शांति के लिए

सर्वबाधाप्रमशन त्रैलोक्याखिलेश्वरि।
एवमेव त्वया कार्यमस्यद्वैरिविनाशन्रम।।

### सुलक्षणा पत्नी की प्राप्ति के लिए

पत्नी मनोरमां देहि मनोवृत्तानुसारिणीम
तारिणी दुर्गसंसारसागरस्य कुलोद्भवाम।।



# पति संग्राम सिंह के अफेयर्स की अफवाहों के बीच पत्नी पायल का क्रिप्टिक पोस्ट



रेसलर-एक्टर संग्राम सिंह और अभिनेत्री निकिता रावल के बीच रिश्ते को लेकर कई बाते कही जा रही हैं। साथ ही ये भी कहा गया कि अभिनेता का एक्ट्रेस निकिता के साथ अफेयर चल रहा है और वो उन्हें डेट कर रहे हैं। हालांकि, संग्राम सिंह ने इन अफवाहों का खंडन किया है और निराशा व्यक्त की। इसके अलावा निकिता रावल ने भी इन अफवाहों को बेबुनियाद बताया। इसी बीच रेसलर-एक्टर की पत्नी पायल रोहतगी ने एक क्रिप्टिक पोस्ट शेयर किया है, जो वायरल हो रहा है।

## पति संग्राम सिंह के साथ पायल ने शेयर की तस्वीर

संग्राम सिंह के अफेयर्स से जुड़ी खबरों के बीच उनकी पत्नी और अभिनेत्री पायल रोहतगी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर पोस्ट किया है। इसमें उन्होंने खुद की शादी के रिसेप्शन की तस्वीर साझा की है, जिसमें पति संग्राम सिंह के साथ वो खड़ी दिख रही हैं। एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, विश्वासघात हमेशा वफादारी के रूप में तब तक आता है, जब तक उसका मुखौटा नहीं उतर जाता।

## मैंने हर किसी की मदद...

इसके साथ ही पायल रोहतगी ने एक और पोस्ट किया है। इसमें भी उन्होंने अपनी ही शादी के रिसेप्शन की तस्वीर साझा की। उन्होंने कैप्शन दिया, एक अमीर आदमी से पूछा कि उसने यह कैसे किया और उसने कहा मैंने हर किसी की मदद करने की कोशिश करना बंद कर दिया पायल रोहतगी और संग्राम सिंह ने 12 साल से अधिक समय तक एक-दूसरे को डेट किया था। इसके बाद साल 2022 में दोनों ने शादी कर ली थी।



# सामंथा को नागा चैतन्य से तलाक के बाद नहीं मिल रहा काम

## इंडस्ट्री ने किया ब्लैकलिस्ट?

फिल्मों की एक्ट्रेस लक्ष्मी मांचू ने एक इंटरव्यू में सुपरस्टार और तलाकशुदा एक्ट्रेस के बारे में बात की है। लक्ष्मी मांचू ने कहा है कि इस एक्ट्रेस को तलाक के बाद से काम नहीं मिल रहा है। उन्होंने इस एक्ट्रेस का नाम तो नहीं लिया, पर हिंट दिया कि तलाक के बाद से उस एक्ट्रेस को इंडस्ट्री में ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है और जो फिल्में थीं, वो भी वापस ले ली गईं। बताया जा रहा है कि लक्ष्मी मांचू ने यह बात सामंथा रुथ प्रभु के बारे में कही है। सामंथा रुथ प्रभु ने साल 2017 में तेलुगू सुपरस्टार नागार्जुन के बेटे नागा चैतन्य से शादी की थी। यह एक लव मैरिज थी, पर 2021 में उनका तलाक हो गया।

तलाक के बाद से सामंथा का करियर लुढ़कने लगा। उन्हें नाम मात्र की फिल्में मिल रही हैं, और जो भी रिलीद हुई, वो औसत ही रहीं। ऐसे में माना जा रहा है कि लक्ष्मी मांचू का इशारा सामंथा की तरफ था।

### नागा चैतन्य की शोभिता से शादी, राज निदिमोरू संग सामंथा का नाम

सामंथा नागा चैतन्य से तलाक के बाद से वह सिंगल हैं। हालांकि, उनका नाम डायरेक्टर राज निदिमोरू के साथ जोड़ा जा रहा है। दोनों की साथ में रोमांटिक तस्वीरें भी वायरल हुई हैं। वहीं, नागा चैतन्य बाद में एक्ट्रेस शोभिता धुलिपाला को डेट करने लगे थे और साल 2024 में शादी कर ली।

### लक्ष्मी मांचू ने दिया हिंट

लक्ष्मी मांचू ने ग्रेट आंध्रा को दिए इंटरव्यू में इस बात का हिंट दिया कि एक सुपरस्टार की पूर्व पत्नी के पास फिलहाल कोई काम नहीं है। दरअसल, एक सवाल के जवाब में लक्ष्मी मांचू ने रिपोर्टर को फटकार लगाई और कहा कि समाज में पुरुषों से ज्यादा महिलाओं को बहुत कुछ झेलना पड़ता है। लक्ष्मी मांचू बोलीं, एक सुपरस्टार की पूर्व पत्नी है, जो यहां काम करती है। उसका तलाक हो गया है, और तब से, उसे जो फिल्में ऑफर हुई थीं, वो भी छीन ली गई हैं। उसे यही कहा जाता है कि उसे लिया तो उन्हें (नागा चैतन्य) बुरा लग सकता है और वो कुछ बोल सकते हैं। उसे अच्छे ऑफर्स का इंतजार है और मुझे उसका नाम लेने की जरूरत नहीं है।



### सामंथा का नाम सुनकर लक्ष्मी मांचू ने दिया यह जवाब

रिपोर्टर ने जब लक्ष्मी मांचू से सवाल किया कि वह सामंथा की बात कर रही हैं? तो एक्ट्रेस बोलीं, आप सोच रहे हैं कि सामंथा ही हैं। कोई एक सुपरस्टार नहीं है। लगभग पांच-छह सुपरस्टार्स का तलाक हो चुका है। और मैं उन सभी के करीब हूं। लेकिन मेरा पॉइंट ये है कि अगर किसी पुरुष के साथ ऐसा कुछ होता है, तो उसकी जिंदगी कभी नहीं बदलेगी। लेकिन एक महिला जब शादी कर ले और उसके बच्चे हो जाएं, ससुरालवाले हों तो उस पर बहुत सारी जिम्मेदारियां आ जाती हैं। कोई हमें आज़ादी नहीं देता। हमें खुद ही सब कुछ सहना पड़ता है।

# बॉलीवुड के बाद प्राजक्ता कोली ने रखा मराठी सिनेमा में कदम



सोशल मीडिया पर मोस्टलीसेन के नाम से पहचान बनाने वाली प्राजक्ता कोली आज एक ऐसा नाम बन चुकी हैं, जिनकी लोकप्रियता सिर्फ डिजिटल प्लेटफॉर्म तक सीमित नहीं रही। ओटीटी और बॉलीवुड में अपनी अदाकारी से दर्शकों का दिल जीतने के बाद अब वो अपने करियर का एक नया अध्याय शुरू करने जा रही हैं। प्राजक्ता पहली बार मराठी सिनेमा में कदम रखने जा रही हैं और उनकी इस फिल्म का नाम है क्रांतिज्योति विद्यालय - मराठी माध्यम।

### प्राजक्ता ने शेयर किया पोस्ट

प्राजक्ता ने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा- उस भाषा के प्यार में, जिसे मैं अपनी मातृभाषा कहती हूं। मिलते हैं, बहुत जल्द। प्राजक्ता ने फैंस को जानकारी देते हुए फिल्म का पोस्टर भी शेयर किया है। इसके अलावा उन्होंने फिल्म की स्टारकास्ट के बारे में भी फैंस को बताया है।

फिल्म की कहानी और निर्देशन

इस फिल्म का निर्देशन हेमंत ढोमे ने किया है। कहानी महाराष्ट्र की शिक्षा व्यवस्था और मराठी माध्यम स्कूलों के पतन के इर्द-गिर्द बुनी गई है। यह फिल्म समाज में एक गंभीर संदेश देने का प्रयास करेगी।

### फिल्म की स्टारकास्ट

इस फिल्म में प्राजक्ता कोली के साथ मराठी सिनेमा के कई जाने-माने चेहरे नजर आएंगे। इसमें सचिन खेड़ेकर, अमेय वाघ, सिद्धार्थ चांदेकर, क्षिती जोग, कदंबरी कदम, हरीश दुहाडे और पुष्कराज चिरपुटकर जैसे कलाकार शामिल हैं। इन सभी कलाकारों की मौजूदगी फिल्म को और भी मज़बूत बनाती है।

### अब तक का सफर....

प्राजक्ता की पहचान सबसे पहले यूट्यूब से हुई, जहां वह रिलेटेबल और हल्के-फुल्के हास्य वाले वीडियो बनाती थीं। इसके बाद उन्हें ओटीटी पर नेटफ्लिक्स की रोमांटिक सीरीज मिसमैच्ड से पहचान मिली। शो को दर्शकों ने इतना पसंद किया कि इसका चौथा और अंतिम सीजन भी अगले साल आने वाला है। इसी बीच प्राजक्ता ने धर्मा प्रोडक्शंस की फिल्म जुग जुग जियो से बॉलीवुड डेब्यू किया, जिसमें वह वरुण धवन और कियारा आडवाणी के साथ नजर आईं। हाल ही में वह अमेजन प्राइम वीडियो की सीरीज अंधेरा में भी दिखाई दीं।



# इंदिरा कृष्णा ने 'जटाधारा' की शूटिंग को बताया रोमांचक अनुभव



बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा की अपकमिंग फिल्म जटाधारा सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। अभिनेता सुधीर बाबू इस फिल्म में मुख्य भूमिका निभाते दिखाई देंगे। इस फिल्म में दक्षिण भारतीय सिनेमा की अभिनेत्री इंदिरा कृष्णा भी अहम किरदार निभाती दिखाई देंगी। उन्होंने फिल्म की शूटिंग से जुड़ी सोनाक्षी सिन्हा के साथ एक फोटो शेयर की। इसमें वो सोनाक्षी से खुशी से बातें करती दिख रही हैं। एक तस्वीर में वो फिल्म के शूट को देखती दिख रही हैं। इस पोस्ट को शेयर करते हुए इंदिरा कृष्णा ने बताया कि 'जटाधारा' की शूटिंग का अनुभव बहुत ही रोमांचक रहा। इंदिरा कृष्णा ने फिल्म की शूटिंग की कुछ तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम पर साझा कीं। इन्हें शेयर करते हुए अभिनेत्री ने लिखा, 卐महादेव की कृपा से 7 नवंबर 2025 को रिलीज होने वाली तेलुगु फिल्म जटाधारा की शूटिंग का सफर बेहद रोमांचक रहा। माउंट आबू में इस शानदार टीम के साथ शूटिंग का पूरा आनंद लिया। मैंने वहां की भाषा और लोगों को करीब से समझा। प्रेरणा अरोड़ा के बिना यह संभव नहीं होता, जिन्होंने इस किरदार देवी के लिए मुझ पर बिना सोचे भरोसा किया। प्रिय प्रेरणा, मुझसे सर्वश्रेष्ठ अभिनय निकलवाने के लिए मैं आपका धन्यवाद करना चाहती हूं।

उन्होंने आगे लिखा, कुछ समय बिताने और विचार-मंथन के लिए शिविन को विशेष धन्यवाद। वेंकट कल्याण और हिमांशु की टीम का धन्यवाद। खूबसूरत सोनाक्षी सिन्हा के साथ बातचीत करके बहुत अच्छा लगा। आप अंदर से बहुत खूबसूरत हैं। इस अवसर को और बेहतर बनाने के लिए स्टूडियो साउथ का धन्यवाद। फिल्म के मेकर्स ने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म का मोशन पोस्टर जारी करते हुए इसकी रिलीज डेट बताई थी। उन्होंने बताया कि यह फिल्म 7 नवंबर को हिंदी और तेलुगु में रिलीज होगी। बताया जा रहा है कि इस फिल्म में अनंत पद्मनाभ स्वामी मंदिर के आसपास के रहस्यों को उजागर किया जाएगा। इस फिल्म में दिव्या खोसला, शिल्पा शिरोडकर, रवि प्रकाश, नवीन नेनी, रोहित पाठक, झांसी, राजीव कनकाला और सुभलेखा सुधाकर जैसे सितारे भी हैं। इसके निर्देशक अभिषेक जायसवाल और वेंकट कल्याण हैं। इसे जी स्टूडियोज और प्रेरणा अरोड़ा ने प्रोड्यूस किया है।

# नतालिया ही नहीं कई विदेशी सेलिब्रिटीज ने 'बिग बॉस' में चलाया अपना जादू



**'बिग बॉस 19' में एक विदेशी एक्ट्रेस नतालिया जानोसजेक भी बतौर प्रतियोगी शामिल हुईं। बीते रविवार को वह शो से बाहर हो गईं। सिर्फ नतालिया ही अकेली विदेशी सेलिब्रिटी नहीं हैं, जो इस रियलिटी शो में दिखीं, पहले भी कई विदेशी सेलेब्स 'बिग बॉस' का हिस्सा बन चुके हैं।**

पोलिश मूल की अदाकारा नतालिया वीकएंड का वार एपिसोड में 'बिग बॉस 19' से बाहर हो गईं। वह काफी दिनों तक इस रियलिटी शो में चर्चा में रहीं। सिर्फ नतालिया ही नहीं इससे पहले भी 'बिग बॉस' के अलग-अलग सीजन में कई विदेशी मूल के सेलिब्रिटीज नजर आए।

### क्लोडिया सिएस्ला



क्लोडिया सिएस्ला जर्मन एक्ट्रेस, मॉडल रही हैं। वह 'बिग बॉस 3' में बतौर प्रतियोगी शामिल हुईं। इसके बाद क्लोडिया ने हिंदी फिल्मों में अभिनय किया। साल 2018 में क्लोडिया ने एक बॉलीवुड फिल्म 'तेरी भाभी है पागल' में आइटम डांस किया। वह अब भारत में रहकर एक न्यूट्रिशनिस्ट के तौर पर काम कर रही हैं।

### सनी लियोनी



सनी लियोनी ने 'बिग बॉस 5' में बतौर प्रतियोगी हिस्सा लिया था। वह एक कनैडियन मूल की एक्ट्रेस, मॉडल रही हैं। 'बिग बॉस' के बाद वह बॉलीवुड फिल्म 'जिस्म 2' में नजर आईं। इसके बाद भी कई हिंदी और साउथ की फिल्मों का हिस्सा बनीं। इस साल वह हिमेश रेशमिया की फिल्म 'बैडएस रविकुमार' में कैमियो रोल करती दिखीं। कई इंडियन रियलिटी शो को वह होस्ट भी कर चुकी हैं।

### नताशा स्टेनकोविक



नताशा स्टेनकोविक एक सर्बियाई मूल की मॉडल, एक्ट्रेस हैं। फिल्म 'सत्याग्रह(2013)' से नताशा ने बॉलीवुड में कदम रखा था। साल 2014 में वह बिग बॉस 8 में बतौर प्रतियोगी शामिल हुईं। साल 2019 में भी उन्होंने 'द बॉडी' नाम की एक हिंदी फिल्म की। क्रिकेटर हार्दिक पांड्या के साथ साल 2020 में शादी की और साल 2024 में डिवोर्स हो गया।

### अब्दु रोजिक

तजाकिस्तान के मशहूर इंफ्लुएंसर अब्दु रोजिक भी 'बिग बॉस 16' में नजर आए थे। इस शो के बाद वह 'लाफ्टर शेफ 2' जैसे रियलिटी शो का हिस्सा बने। भारत में अब भी उनके फनी और सिंगिंग वाले वीडियो सोशल मीडिया पर काफी पॉपुलर हैं।

### ओरा

साउथ कोरियन सिंगर ओरा ने भी 'बिग बॉस 17' में हिस्सा लिया था। ओरा के वीडियो भी सोशल मीडिया पर काफी पॉपुलर हैं, उनकी भारत में भी अच्छी-खासी फैन फॉलोइंग है। वह बॉलीवुड गानों के मैशअप वीडियो बनाते हैं, जिन्हें भारतीय दर्शक पसंद करते हैं।



# होटल की दरों व फूडसेफ्टी पर रखें विशेष नजर : मेधा रूपम

## यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट सभागार में 25 से 29 सितंबर तक आयोजित होने वाले यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी मेधा रूपम की अध्यक्षता में संबंधित विभागों के अधिकारियों संग समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।



बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी विभाग अपने-अपने ड्यूटी रोस्टर के अनुरूप कार्य का निर्वहन सुनिश्चित करें। नोएडा, ग्रेटर नोएडा एवं यमुना प्राधिकरण के संबंधित अधिकारियों द्वारा ड्यूटी रोस्टर उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया।

होटल दरें निर्धारित दरों के अनुसार ही रहेंगी, जिसके लिए नोडल अधिकारी ग्रेटर नोएडा को जिम्मेदारी सौंपी गई। एआरटीओ को 100 बसों की सूची चालकों सहित उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। वहीं, हैलीपैड का कार्य समय से पूर्ण करने की जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी को दी गई।

फायर सेफ्टी एवं विद्युत आपूर्ति की व्यवस्थाएं संबंधित विभागों द्वारा सुनिश्चित की जाएंगी। स्टेज एवं हैलीपैड की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। अग्निशमन विभाग ने अपनी तैयारियों से जिलाधिकारी को अवगत कराया तथा ड्यूटी रोस्टर आदेश आज ही उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

ट्रैफिक विभाग ने यातायात व्यवस्था की रूपरेखा प्रस्तुत की और जिलाधिकारी द्वारा साइनेज की सूची उपलब्ध कराने, खराब वाहनों को हटाने हेतु प्वाइंट तय करने एवं जेसीबी-हाइड्रा की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त, पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम की उपलब्धता भी ट्रैफिक विभाग द्वारा सुनिश्चित की जाएगी।

जिलाधिकारी ने खाद्य सुरक्षा मानकों के पालन हेतु जिला अभिहित अधिकारी को होटल, फूड स्टॉल एवं लाउंज में फूड सेफ्टी ऑफिसर की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पार्किंग स्थलों पर सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था तथा नेटवर्क सुविधा रिलायंस एवं जियो के माध्यम से सुनिश्चित कराने पर भी बल दिया गया।

बैठक में एसीओ ग्रेटर नोएडा श्रीलक्ष्मी, वंदना त्रिपाठी, डीसीपी ट्रैफिक डॉ. प्रवीन रंजन सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट विवेक भदौरिया, एडीसीपी ट्रैफिक मनीषा सिंह, ओएसडी यमुना प्राधिकरण शैलेंद्र कुमार भाटिया, उप जिलाधिकारी दादरी अनुज नेहरा, उप जिलाधिकारी सदर आशुतोष गुप्ता, जिला मनोरंजन कर अधिकारी जेपी चन्द, जिला अभिहित अधिकारी सर्वेश मिश्रा, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पवार, एआरटीओ प्रशासन सियाराम वर्मा, एआरटीओ प्रवर्तन डॉ. उदित नारायण पांडे, जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ की श्वेता खुराना, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग कंचन, मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार सहित विद्युत विभाग एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सेक्टर-34 में रक्तदान कैम्प में 53 लोगों ने किया रक्तदान

**नोएडा (चेतना मंच)।** फेडरेशन ऑफ़ आरडब्ल्यूए सेक्टर-34 की ओर से कम्युनिटी सेंटर



सेक्टर-34 में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर चाइल्ड पीजीआई नोएडा के सहयोग से किया गया। फेडरेशन आरडब्ल्यूए महासचिव धर्मेन्द्र शर्मा ने अपने जीवनकाल का 44वाँ रक्तदान करते हुए सेक्टर निवासियों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है। स्वस्थ व्यक्ति को एक निश्चित समय अंतराल पर अवश्य रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान से एक ओर जहां किसी जरूरतमंद की जान बचाई जा सकती है। वहीं दूसरी ओर नियमित तौर पर रक्तदान करने से मनुष्य को स्वास्थ्य को लाभ मिलता है।

इस मौके पर चिकित्सक दल द्वारा रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र एवं आरडब्ल्यूए द्वारा उत्साहवर्धन हेतु सेक्टर निवासी के सहयोग से मूवी टिकट देकर सम्मानित किया गया। शिविर में कुल 53 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया उपस्थित निवासियों ने आरडब्ल्यूए के मुहिम की सराहना की।

इस अवसर पर आरडब्ल्यूए अध्यक्ष के के जैन महासचिव धर्मेंद्र शर्मा देवेन्द्र वत्स ओमेंद्र कुमार डॉ सीमा दुआ डॉ सत्यम अरोड़ा आदि मौजूद रहे।

# सेक्टर-62 के रामलीला मैदान में आज श्रीरामलीला महोत्सव का होगा श्रीगणेश

**नोएडा (चेतना मंच)।** श्रीराम मित्र मंडल नोएडा रामलीला समिति द्वारा




सेक्टर-62 के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली श्रीरामलीला का शुभारंभ आज सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ.महेश शर्मा एवं स्थानीय विधायक पंकज सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ ही किया जायेगा।

प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए श्रीराम मित्र मंडल नोएडा के महासचिव डॉ. मुन्ना कुमार शर्मा ने बताया कि कल 22 सितंबर से सेक्टर-62 के रामलीला मैदान में प्रतिदिन लीला मंचन सायं 7 बजे से शुरू होगी और रात्रि 11 बजे तक चलेगी।26 सितंबर को दोपहर 01 बजे सेक्टर-20 के हनुमान मंदिर से श्रीराम बारात शोभायात्रा निकलेगी,जो डीएम चौराहा,सेक्टर-4, हरौला, सेक्टर-9,10,11,12,22,56 तिराहा, 55, खोडा लेबर चौक होते हुए रामलीला मैदान पहुंचेगी,जहां राजा जनक राम बारात का स्वागत करेंगे।रामलीला मैदान में आयोजित होने वाले श्रीरामलीला मंचन एवं श्रीरामलीला महोत्सव के दौरान 2 अक्टूबर को श्रीराम द्वारा रावण का वध होगा और उसके उपलक्ष्य में विजयदशमी उत्सव मनायी जायेगी।इस अवसर पर रावण,कुंभकरण और मेघनाद के पुतलों का दहन किया जाएगा एवं इन तीन पुतलों के अलावा महिला उत्पीड़न,भ्रष्टाचार और पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के पुतलों का भी दहन किया जाएगा।03 अक्टूबर को श्रीराम-भरत मिलाप के साथ ही श्रीरामलीला मंचन व श्रीरामलीला महोत्सव का समापन होगा। लीला मंचन मुरादाबाद की प्रसिद्ध मंडली शिवाकला लोक कल्याण समिति के पचपन कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। इस बार पुतले बहुत ही आकर्षक बनाये जा रहे हैं और उसकी लंबाई भी बढ़ायी जा रही है। समिति के अध्यक्ष धर्मपाल गोयल ने बताया कि इस बार मंच बड़ा बनाया जा रहा है। इस बार लंका दहन और हनुमान जी द्वारा संजीवनी बूटी लाने का प्रसंग क्रेन के माध्यम से आकाश में दिखाया जाएगा।

# क्षत्रिय करणी सेना ने की सदस्यता अभियान की बैठक



**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-53 गांव गिझौड़ नोएडा महानगर में क्षत्रिय करणी सेना की सदस्यता अभियान बैठक ठाकुर संग्राम सिंह चौहान के नेतृत्व में आयोजित की गई।

बैठक का मूल उद्देश्य क्षत्रिय करणी सेना का संगठन विस्तार और क्षत्रिय एकता पर चर्चा हुई। बैठक में सैकड़ों की संख्या में करणी सैनिक उपस्थित हुए ठाकुर सूरज परिहार ठाकुर आशीष चौहान ठाकुर शिवम चौहान ठाकुर लकी चौहान अभिषेक चौहान निक्कू चौहान आशीष चौहान उत्कर्ष चौहान तरुण राणा तुषार राणा लकी राणा लकी चौहान आदित्य तोमर शिवम परिहार अभिषेक ठाकुर ललित जादौन और अन्य लोग मौजूद रहे। संगठन के विस्तार संगठन के मूल विचारों पर चर्चा हुई।

बैठक में क्षत्रिय करणी सेना के प्रवक्ता विपिन सिंह सूर्यवंशी, प्रदेश उपाध्यक्ष राज्यवर्धन सिंह श्रीराम चंदेल, ठाकुर संग्राम सिंह चौहान, प्रदेश उपाध्यक्ष युद्धवीर सिंह उपस्थित रहे।

# डांडिया धमाल 27 व 28 सितंबर से

**नोएडा (चेतना मंच)।** नवरात्रि के पावन अवसर पर नोएडा शहर में डांडिया उत्सव का



आयोजन किया जा रहा है, आगामी 27 और 28 सितंबर को एनसीआर बिगेस्ट डांडिया धमाल कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम को लेकर नोएडा मीडिया क्लब में कार्यक्रम के आयोजकों द्वारा प्रेसवार्ता की गयी। प्रेसवार्ता के दौरान कार्यक्रम के आयोजक जतिन भारद्वाज ने बताया की नवरात्रि के शुभ अवसर पर आगामी शनिवार 27 सितंबर और रविवार 28 सितंबर को सेक्टर 123 स्थित एनसीआर स्पोर्ट्स ग्राउंड में दो दिवसीय डांडिया महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें हर कोई अपने परिवार के साथ हिस्सा ले सकता है और इस महोत्सव में शामिल हो सकता है, दो दिवसीय कार्यक्रम शाम पांच बजे से रात 10 बजे के बीच रहेगा जिसमें डांडिया के साथ साथ बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के झूले, अलग अलग जगहों के पारंपरिक स्वादिष्ट व्यंजन और शॉपिंग के लिए भी स्टाल मौजूद होंगे, जहाँ पर कोई भी अपने परिवार के साथ पहुँचकर आयोजन का लुफ्त उठा सकता है।

उन्होंने बताया की कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मशहूर डीजे तरन रहेंगे साथ ही आरजे गौतम,हरयाणवी कलाकार प्रियंका पीके समेत राजा गुर्जर और अन्य सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए मौजूद रहेंगे।

कार्यक्रम में एंट्री टिकट के जरिए होगी जिसका मूल्य सिंगल एंट्री 499 रुपए और कपल एंट्री 900 रुपए रखा गया है। कार्यक्रम के टिकट बुक माय शो और घुमलो एप के जरिए लोगों को मिल सकेंगे।

# अंतिम निवास में गरूण पुराण पाठ का हुआ समापन

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा लोक मंच के अंतिम निवास, सेक्टर-94 नोएडा में श्राद्ध पक्ष के अवसर पर आयोजित गरुड़ पुराण पाठ का समापन हवन, तर्पण एवं भंडारे के साथ विधिवत सम्पन्न हुआ।





यह गरुड़ पुराण पाठ 15 दिनों तक 'श्री शिव शंकर कृपा निवास' में बाबा भोलेनाथ की कृपा उपस्थिति में उन आत्माओं के श्राद्ध तर्पण हेतु आयोजित किया गया था जिनका तर्पण नहीं हो सका। श्राद्ध पक्ष पूर्णिमासी 7 सितम्बर 2025 (रविवार) से प्रारम्भ हुआ था।

समापन अनुष्ठान ज्योतिष रत्न गुरुजी गौतम ऋषि (अखिल भारतीय गुरुकुल एवं गौशाला अनुसंधान संस्थान), डॉ. हरीश मिश्रा (संरचना अभियंता एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष, श्री हनुमद् सेवा संस्थानम् समिति) तथा आचार्य सौरभ दुबे की विशेष देखरेख एवं मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर शहर के गणमान्य नागरिकों में धर्मेंद्र चौहान, भूपेंद्र शर्मा, सी.बी. झा, निरंजन सक्सेना, मुकुल बाजपेई, विभा बंसल, इन्द्रा चौधरी, गौरव दुबे, अरुण ठाकुर, अल्का, राकेश, रूपेश सहित नोएडा लोक मंच अंतिम निवास का संपूर्ण स्टाफ उपस्थित रहा। सभी ने हवन में आहुति दी एवं भंडारे के प्रसाद का ग्रहण किया।